रोहतक
बुधवार, 16 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 75
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 39.5
न्यून. 12.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,734.89 | 1577.63 ▲ |
| निफ्टी | 23,328.55 | 500.00 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 96,450 /- | 50/- ▲ |
| चांदी | 97,500/- | 2500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.77 | 33 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 64.54/ बैरल | | 0.52% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

105 फीसदी बारिश की उम्मीद, फसलों के लिए अच्छा संकेत

# किसानों के लिए राहतभरी खबर, सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून, अल नीनो का कोई खतरा नहीं, बढ़ेगा उत्पादन

*देश के कई हिस्से पहले से ही भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। अप्रैल से जून की अवधि में बहुत ज्यादा गर्मी पड़ने का अनुमान है। इससे बिजली ग्रिड पर दबाव पड़ सकता है और पानी की कमी हो सकती है।*

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि इस बार मानसून में भारत में सामान्य से अधिक बारिश होगी। आईएमडी ने मानसून के मौसम के दौरान अल नीनो की स्थिति बनने की संभावना को भी खारिज कर दिया। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'भारत में चार महीने (जून से सितंबर) के मानसून के मौसम में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है और कुल वर्षा 87 सेंटीमीटर के दीर्घावधि औसत का 105 प्रतिशत रहने का अनुमान है।' भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम मानसूनी बारिश से जुड़ी अल-नीनो स्थितियां इस बार विकसित होने की संभावना नहीं है।

### मानसून कृषि क्षेत्र का आधार

मानसून भारत के कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, जो लगभग 42.3 प्रतिशत आबादी की आजीविका का आधार है और देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18.2 प्रतिशत का योगदान देता है। कुल खेती योग्य क्षेत्र का 52 फीसदी हिस्सा वर्षा आधारित प्रणाली पर निर्भर है। यह देशभर में बिजली उत्पादन के अलावा पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिए भी अहम है। इसलिए, मानसून के मौसम में सामान्य वर्षा का पूर्वानुमान देश के लिए एक बड़ी राहत है।



### यह बोले महापात्र

मौसम विभाग 104 से 110 फीसदी के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। आईएमडी के निदेशक महापात्रा ने बताया कि 2025 में 105% यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 4 महीने के मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलपीए) 868.6 मिलीमीटर यानी 86.86 सेंटीमीटर होता है।

### यह अनुमान जताया

**अधिक बारिश :** मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना।
**कम बारिश :** बिहार, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, तमिलनाडु, और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्से। मानसून 1 जून के आसपास केरल के रास्ते आता है। 4 माह बाद राजस्थान के रास्ते मानसून की वापसी होती है।

**क्या है अल नीनो**
अल नीनो एक जलवायु पैटर्न है। इसमें समुद्र का तापमान 3 से 4 डिग्री बढ़ जाता है। इसका प्रभाव 10 साल में दो बार होता है। इसके प्रभाव से ज्यादा बारिश वाले क्षेत्र में कम और कम बारिश वाले क्षेत्र में ज्यादा बारिश होती है। भारत में अल नीनो के कारण मानसून अक्सर कमजोर होता है। जिससे सूखे की स्थिति बनती है।

शेयर बाजार गुलजार

## दो दिन में निवेशकों की वेल्थ 18.42 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**मुंबई (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में जोरदार तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी दर्ज की गई है। बाजार के बेंचमार्क सूचकांक तीन दिनों की छुट्टी के बाद खुले तो निवेशकों की चांदी हो गई। आंकड़ों के अनुसार बाजार में दो कारोबारी सत्रों के दौरान आई तेजी में निवेशकों को करीब 18.42 लाख करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। मंगलवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,577.63 यानी 2.10% की तेजी के साथ 76,734.89 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 500 अंक यानी 2.19% की तेजी के साथ 23,328.55 अंक पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स 1,578 अंक चढ़ा ■ निफ्टी 500 अंक मजबूत**

महंगाई के मोर्चे पर राहत

## थोक मुद्रास्फीति : मार्च में 2.05% छह महीने के निचले स्तर पर आई

**नई दिल्ली (भाषा)।** खाद्य वस्तुओं के दाम घटने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मार्च में मासिक आधार पर घटकर छह महीने के निचले स्तर 2.05 प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पहले पिछले साल सितंबर में थोक मुद्रास्फीति 1.91 प्रतिशत पर रही थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 2.38 प्रतिशत थी। हालांकि, वार्षिक आधार पर मार्च में इसमें वृद्धि हुई है। मार्च, 2024 में यह 0.26 प्रतिशत थी।

## खुदरा मुद्रास्फीति : मार्च में 3.34% के छह साल के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** सब्जियों तथा प्रोटीन वाले उत्पादों की कीमतों में गिरावट से खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से घटकर करीब छह साल के निचले स्तर 3.34% पर आ गई है। इससे पहले अगस्त, 2019 में यह 3.28 प्रतिशत के स्तर पर रही थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 3.61 प्रतिशत पर और पिछले साल मार्च में 4.85 प्रतिशत पर रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति मार्च में 2.69 प्रतिशत रही, जबकि फरवरी में यह 3.75 प्रतिशत और मार्च, 2024 में 8.52 प्रतिशत थी।

सोना-चांदी चमके

## सोना 96,450 के सर्वकालिक उच्चस्तर पर, चांदी भी चढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत 50 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 50 रुपये गिरकर 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 50 रुपये बढ़कर 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 95,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इस बीच, ताजा औद्योगिक मांग के कारण चांदी की कीमत 2,500 रुपये बढ़कर 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सोमवार को चांदी 500 रुपये की गिरावट के साथ 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 13.67 डॉलर या 0.43 प्रतिशत बढ़कर 3,224.60 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

**सोना 50 और चांदी 2,500 रुपये महंगी**

**आईपीएल में आज**



दिल्ली कैपिटल्स
V/S
राजस्थान रॉयल्स
- : समय :-
7.30 PM
- : स्थान :-
दिल्ली

**खबर संक्षेप**

### आंखों की कम रोशनी वाली महिला को जज नियुक्त करने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वह सामान्य श्रेणी में आंखों की कम रोशनी वाली महिला रेखा शर्मा को राज्य में दीवानी न्यायाधीश (कनिष्ठ संभाग) के पद पर नियुक्त करे। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्राप्त अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए यह आदेश दिए। भाषा

### नाबालिग बेटी को 5 लाख में बेचा, खरीदार ने किया रेप

**कौशांबी (उप्र)।** करारी थाना क्षेत्र में नाबालिग को उसके ही मां-बाप ने एटा जनपद निवासी एक व्यक्ति को पांच लाख रुपये में बेच दिया। उस व्यक्ति ने किशोरी से दो दिनों तक दुष्कर्म किया। कौशांबी के पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने यह जानकारी दी। 13 वर्षीय किशोरी ने करारी थाने में 13 अप्रैल, की शाम को दी गई तहरीर में बताया कि उसके मां बाप ने ही उसे बेच दिया। वह मौका पाकर दीवार फांदकर भाग निकली। भाषा

### हसीना और उनके बेटे के खिलाफ नया वारंट जारी

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने आवासीय भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं से संबंधित दो मामलों में अपदस्थ पीएम शेख हसीना, उनके बेटे सजीब वाजेद और 16 अन्य के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। ढाका मेट्रोपॉलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश की अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के आरोपपत्रों को ध्यान में रखते हुए पूर्वाचल न्यू टाउन में भूखंड आवंटन में अनियमितताओं के दो मामलों में वारंट जारी किए हैं। भाषा

नेशनल हेराल्ड केस में ईडी ने दाखिल की पहली चार्जशीट बढ़ेंगी मुश्किलें

# सोनिया-राहुल और पित्रोदा के खिलाफ धनशोधन के आरोप

## दिल्ली की कोर्ट में 25 को सुनवाई, पूर्व सांसद स्वामी ने की थी शिकायत


भाषा/एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में धनशोधन के आरोप में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है। ईडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को पहली चार्जशीट दायर कर दी है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने नौ अप्रैल को दाखिल आरोप-पत्र की संज्ञान के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पड़ताल की और सुनवाई की अगली तारीख 25 अप्रैल निर्धारित की। अदालत ने ईडी से मामले की केस डायरी भी मांगी है। बता दें कि वर्ष 2012 में पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ इस मामले की शिकायत दर्ज करवाई थी।

**कांग्रेस नेता जयराम बोले**
यह बदले की राजनीति, मोदी की धमकी के अलावा कुछ नहीं
■
नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना राज्य प्रायोजित अपराध
■
12 अप्रैल को ईडी ने संपत्तियां की थी कुर्क







**कोर्ट में क्या हुआ**
राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने कहा-पीएमएलए 2002 की धारा 44 और 45 के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के लिए ईडी ने एक नई शिकायत दायर की है। इसे धारा 3 के साथ धारा 70 के तहत डिस्क्राइब किया गया है। यह पीएमएलए, 2002 की धारा 4 के तहत दंडनीय है। हालांकि इस मामले की सुनवाई राउज एवेन्यू कोर्ट में एडीशनल चीफ ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट के पास चल रही है, लेकिन जस्टिस गोगने ने कहा कि की पीएमएलए की धारा 44(1)(सी) के तहत सुनवाई उसी अदालत में की जानी चाहिए, जिसने पीएमएलए की धारा 3 के तहत मनी लॉन्ड्रिंग केस पर संज्ञान लिया है। दोनों अपराधों का फैसला एक ही क्षेत्राधिकार में किया जाना चाहिए।

**कांग्रेस बोली- यह धमकी देने जैसा**
कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने लिखा, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की ओर से बदले की राजनीति और धमकी के अलावा कुछ नहीं है।

**भ्रष्टाचार का जीता-जागता उदाहरण : भाजपा**
भाजपा सांसद और मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी का आरोप पत्र कांग्रेस के भ्रष्टाचार का जीता-जागता उदाहरण है। नेहरू गांधी परिवार दुनिया में सबसे भ्रष्ट है।

**2000 करोड़ हड़पने की साजिश**
ईडी ने आरोप पत्र में कहा कि कांग्रेस नेताओं ने नेशनल हेराल्ड की मूल कंपनी एजेएल की 2000 करोड़ की संपत्ति हड़पने के लिए आपराधिक साजिश रची थी। उन्होंने 99% शेयर महज 50 लाख में हस्तांतरित कर दिए।

## गुरुग्राम जमीन घोटाले में वाड्रा से छह घंटे पूछताछ

ईडी ने 2008 में गुरुग्राम में शिकोहपुर भूमि घोटाले के मामने में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से 6 घंटे पूछताछ की और बयान दर्ज किए। उन्हें बुधवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। वाड्रा मंगलवार को पैदल चलकर ही ईडी के ऑफिस पहुंचे थे। ईडी ने जमीन सौदे से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में पूछताछ के लिए उन्हें ये दूसरा समन भेजा था। वाड्रा इससे पहले 8 अप्रैल को भेजे गए पहले समन पर पेश नहीं हुए थे। इस मामले में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी आरोपित हैं। उन पर आरोप है कि सीएम रहते हुए उन्होंने वाड्रा की कंपनी को मुनाफा पहुंचाया।



शिकोहपुर गांव में 2008 में हुआ भूमि घोटाला

**यह मामला:** ये जांच मानेसर-शिकोहपुर (अब गुरुग्राम में सेक्टर 83) में जनवरी 2008 के भूमि सौदे से जुड़ी है। इसमें वाड्रा से जुड़ी एक कंपनी, 'स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्रा. लि.' ने शिकोहपुर में 'ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज' नामक कंपनी से 7.5 करोड़ में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। 4 साल बाद सितंबर 2012 में कंपनी ने जमीन को रियल्टी कंपनी 'डीएलएफ' को 58 करोड़ में बेच दिया। यह भूमि सौदा अक्टूबर 2012 में उस समय विवादों में आ गया था, जब आईएएस अशोक खेमका ने इस सौदे को प्रक्रियाओं का उल्लंघन बताते हुए दाखिल खारिज रद कर दिया था। हरियाणा पुलिस ने 2018 में प्राथमिकी दर्ज की थी।

एनआईसीडीसी के सहयोग से विकसित होगा आईएमसी

# हिसार एयरपोर्ट के पास 3,000 एकड़ भूमि में बनेगा आईएमसी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट के पास करीब 3,000 एकड़ में औद्योगिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) स्थापित किया जाएगा। इस पर 4680 करोड़ रुपये की लागत आएगी। आईएमसी को हरियाणा सरकार और नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनआईसीडीसी) के सहयोग से विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह जानकारी दी।



**मुख्यमंत्री सैनी की अध्यक्षता में हुई अहम बैठक में दी जानकारी**

### विनिर्माण क्षेत्र में विकास को मिलेगी गति

देशभर में विनिर्माण क्षेत्र में विकास को गति देने तथा व्यवस्थित और नियोजित शहरीकरण सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के आधार पर एकीकृत इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित कर रही है। अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत 7 राज्यों में कुल 6 शहरों में इंडस्ट्रियल टाउनशिप स्थापित की जाएगी, जिसमें हिसार में स्थापित होने वाला आईएमसी सबसे बड़ी परियोजना है, जो 3000 एकड़ में विकसित होगी।

### रोजगार के अवसर पैदा होंगे

इस परियोजना से 32,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की संभावना है। इससे 10,000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। आईएमसी में सड़क, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट (एसटीपी) सहित सभी प्रकार की बुनियादी और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इसके लिए जल्द एनआईसीडीसी व हरियाणा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) होगा। हिसार में 7,200 एकड़ भूमि में 4212 एकड़ में एयरपोर्ट है। करीब 2988 एकड़ में आईएमसी बनेगी। एनआईसीडीसी द्वारा विकसित की जा रही दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत हरियाणा के नांगल चौधरी में भी 886 एकड़ पर एकीकृत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब बनेगा। हरियाणा को दो इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का बड़ा फायदा मिलेगा।

## देश में प्रति 10 लाख लोगों पर केवल 15 न्यायाधीश

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश में प्रति 10 लाख आबादी पर केवल 15 न्यायाधीश हैं, जो विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से बहुत दूर है। मंगलवार को जारी 'इंडिया जस्टिस सिस्टम रिपोर्ट' 2025 में यह जानकारी सामने आई है। 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट' के मुताबिक, "1.4 अरब लोगों के लिए भारत में 21,285 न्यायाधीश हैं या प्रति दस लाख की आबादी पर लगभग 15 न्यायाधीश हैं। यह 1987 के विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से काफी कम है। इस रिपोर्ट में देश में न्याय प्रदान करने के मामले में राज्यों की स्थिति की जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च न्यायालयों में रिक्तियां कुल स्वीकृत पदों का 33 प्रतिशत थीं।

■ इंडिया जस्टिस की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा
■ 1.4 अरब लोगों के लिए भारत में 21,285 जज

## ऋषिकेश एम्स में पैक्स स्कैन की सुविधा शुरू, अब गरीबों को भटकना नहीं पड़ेगा

**ऋषिकेश (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को एम्स ऋषिकेश में नई स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन किया। नई सुविधाओं में पिक्चर आर्काइविंग एंड कम्युनिकेशन सिस्टम (पैक्स) व आयुष विभाग में एकीकृत चिकित्सा विभाग शामिल हैं। पिक्चर आर्चिविंग एंड काम्युनिकेशन सिस्टम (पैक्स) मशीन, आयुष में इन्टिग्रेटेड मेडिसिन और उन्नत बाल चिकित्सा सुविधा के अंतर्गत सेंटर फार एडवांस्ड पीडियाट्रिक सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं।

### डिजिटल छवियां और डेटा होंगे सुरक्षित

पैक्स एक ऐसी इमेजिंग तकनीक है जिससे डिजिटल छवियों और संबंधित डेटा को सुरक्षित संग्रहित और प्रसारित किया जाता है। यह प्रणाली चिकित्सा छवियों को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करती है और उन्हें विभिन्न स्थानों पर डिजिटल रूप से पहुंचाती है। पैक्स का उपयोग एक्सरे, सीटी स्कैन और एमआरआई और अन्य इमेजिंग तकनीकों से प्राप्त छवियों को प्रबन्धित करने में किया जाता है। यह मशीन ट्रॉमा सेंटर में स्थापित की गई है।

राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

## ई-मेल मिलने के बाद व्यापक सर्च अभियान चलाया, एफआईआर दर्ज

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी का ईमेल मिलने के बाद मामले में मंगलवार को एफआईआर दर्ज कर ली गई है। रविवार को भेजे गए ईमेल में मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने के साथ ही सुरक्षा बढ़ाने की हिदायत दी गई थी। ईमेल मिलने के बाद व्यापक सर्च अभियान चलाया गया था और सतर्कता बढ़ा दी गई थी। हालांकि, सर्च अभियान में कुछ भी नहीं मिला था फिर भी मामले को गंभीरता से लेते हुए राम जन्मभूमि ट्रस्ट कार्यालय के अकाउंट ऑफिसर महेश कुमार ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

### जिला अधिकारियों को भी दी धमकी

अयोध्या के साथ-साथ बाराबंकी चंदौली समेत कई जिलों के जिलाधिकारियों को भी धमकी भरा मेल आया है। बाराबंकी, फिरोजाबाद और चंदौली के जिलाधिकारी को बम से उड़ाने की धमकी का मेल आया है। बताया जा रहा है कि यह मेल तमिलनाडु से किए गए हैं। वहीं अन्य जिलों की बात करें तो 10-15 जिलों के डीएम के आधिकारिक सूचना तंत्र पर धमकी भरा ई-मेल आया। बाराबंकी डीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकला। पुलिस जांच कर रही है।

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश, सभी राज्य बच्चों की तस्करी के मामले 6 माह में निपटाएं**

*शीर्ष अदालत ने यूपी सरकार को लगाई फटकार, राज्यों के लिए नियम तय*

# डिलीवरी के बाद बच्चा चोरी हुआ तो अस्पताल का लाइसेंस रद होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नवजात शिशु तस्करी के एक मामले में यूपी सरकार कड़ी फटकार लगाई और सभी राज्यों के लिए कुछ जरूरी नियम जारी किए। कोर्ट ने कहा-अगर किसी अस्पताल से नवजात की तस्करी होती है तो उसका लाइसेंस तुरंत रद किया जाएगा। डिलीवरी के बाद बच्चा गायब होता है तो हॉस्पिटल जिम्मेदार होगा। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि देशभर के सभी हाईकोर्ट अपने राज्यों में बच्चों की तस्करी से जुड़े लंबित मामलों की स्टेट्स रिपोर्ट मंगवाएं। सभी की सुनवाई छह महीने के भीतर पूरी करें। केस में हर दिन सुनवाई होनी चाहिए।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपितों को जमानत दी थी सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दी**



### इस मामले पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट नवजात तस्करी के उस मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उत्तर प्रदेश के एक दंपती ने 4 लाख रुपये में तस्करी किया गया बच्चा खरीदा। क्योंकि उन्हें बेटा चाहिए था। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपियों को अग्रिम जमानत दे दी थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दिया।

### शीर्ष कोर्ट ने यह किया

- **हाईकोर्ट से नाराजगी :** ऐसे आरोपित समाज के लिए खतरा हैं। बेल देते वक्त कम से कम इतना तो किया जा सकता था कि आरोपित को हर हफ्ते थाने में हाजिरी देने की शर्त लगाई जाए। पुलिस अब आरोपितों का पता क्यों नहीं लगा पा रही।
- **सरकार की खिंचाई :** हम राज्य सरकार से बेहद निराश हैं। कोई अपील क्यों नहीं की गई? गंभीरता नहीं दिखाई गई।
- **कड़े निर्देश :** किसी भी तरह की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो अदालत की अवमानना माना जाएगा।



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दादा गौतम के चचेके भाई के निधन पर जताया शोक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को नारनौंद पहुंचकर विधायक रामकुमार गौतम के चचेरे भाई स्वर्गीय देवेंद्र गौतम के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय देवेंद्र गौतम का निधन परिवार ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। गौरतलब है कि देवेंद्र गौतम पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज हिसार के एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा था। वे 63 वर्ष के थे।

### प्रधानमंत्री ने दी विकास की सौगात : पंवार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने यमुनानगर और हिसार में कई बड़ी परियोजनाओं की नींव रखकर प्रदेश को एक कदम ओर आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मोदी जी का यह दौरा हरियाणा के लिए ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, नौजवान और नारी शक्ति, इन चारों स्तंभों को सशक्त करने के लिए ट्रिपल इंजन सरकार निरंतर काम कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से हरियाणा जरूर विकसित होगा।

### युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने सदैव जनता को धर्म, जाति के नाम पर गुमराह किया है और झूठे वायदे कर सत्ता हासिल की है पर आज भाजपा सरकार जनता से किए गए वायदों से मुकर रही है, न महिलाओं को लक्ष्मी योजना के तहत कोई सम्मान मिला है, युवाओं को रोजगार देने के नाम पर पहले से ही लगे एचकेआरएन के तहत लगे युवाओं से नौकरी छीनी जा रही है, महंगाई सातवें आसमान है, बेरोजगारी के चलते प्रदेश में नशे का धंधा और अपराध बढ़ रहे हैं, विकास के नाम पर केवल घोषणाएं ही है, धरातल पर कुछ भी नहीं है, आज जनता भाजपा को सत्ता सौंपकर स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है।सांसद सैलजा ने कहा कि रोजगार देने की बात करने और एचकेआरएन कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा गारंटी देने वाली इस सरकार ने नौकरी देना तो दूर एचकेआरएन कर्मचारियों को नौकरी से निकालना शुरू कर दिया है।

### डॉ. आंबेडकर के जीवन मूल्यों को अपनाएं : राठी

**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी के अंबाला लोकसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र राठी ने बाबा साहब की जयंती मनाई और उन्होंने कहा है कि डा. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के रचयिता महान शख्सियत, शिक्षाविद, दूरदर्शी, समाज सुधारक, क्रांतिकारी,समाज शास्त्री, संविधान विशेषज्ञ, आजाद भारत के पहले कानून मंत्री, बाबा साहेब डाक्टर भीम राव अम्बेडकर थे। आज आम आदमी पार्टी पंचकूला ने बाबा साहब की जयंती पर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। लड्डू और पेन बांट कर मनाई।

मुख्य सचिव ने की पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

# पात्रों को समय पर मिले छात्रवृत्ति, संस्थानों और नोडल अधिकारियों के लिए बायोमेट्रिक ई-केवाईसी जरूरी

- 2.5 लाख तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले विद्यार्थी पात्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इन केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का क्रियान्वयन वर्तमान में सात विभागों-उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान, कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण, पशुपालन और डेयरी, आयुष तथा स्कूल (माध्यमिक) शिक्षा विभागों द्वारा किया जा रहा है। बैठक के दौरान, रस्तोगी ने छात्रवृत्तियों के समय पर वितरण पर बल दिया और विभागों को लंबित मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए, उन्होंने निर्देश दिए कि इन छात्रवृत्ति योजनाओं के कार्यान्वयन से जुड़े सभी संस्थानों, जिला नोडल अधिकारियों और राज्य नोडल अधिकारियों के लिए आधार-आधारित बायोमेट्रिक ई-केवाईसी अनिवार्य किया जाए। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि केन्द्र सरकार द्वारा वित्तपोषित योजनाओं-अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना तथा ओबीसी विद्यार्थियों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के घटक-1 का पूरा उपयोग किया जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने बताया कि छात्रवृत्तियां दो घटकों के तहत प्रदान की जाती हैं-नॉन रिफंडेबल शुल्क तथा पाठ्यक्रम श्रेणी और छात्र के छात्रावास में रहने या डे स्कॉलर होने के आधार पर प्रति वर्ष 2,500 से 13,500 रुपये तक का शैक्षणिक भत्ता। इस योजना के तहत 2.5 लाख तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले विद्यार्थी पात्र हैं। डॉ. अनुपमा ने बताया कि ओबीसी छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना पीएम यशस्वी योजना का घटक-II है। इस योजना के तहत भी 2.5 लाख तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले विद्यार्थी पात्र हैं।

#### उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर प्रस्तुत करें अधिकारी

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर प्रस्तुत किए जाएं ताकि केंद्र सरकार द्वारा धनराशि की शीघ्र प्रतिपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। रस्तोगी ने राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि कोई भी पात्र विद्यार्थी शिक्षा के अवसरों से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभाग इन केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत लाभों का सुचारू और प्रभावी वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहतर समन्वय के साथ काम करें।

#### बिना किसी अनावश्यक देरी के छात्रों को लाभ दिया जाए

चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने बताया कि विभाग ने छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है, ताकि छात्रवृत्तियां कुशलतापूर्वक और बिना किसी अनावश्यक देरी के वितरित की जा सकें। सेवा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी अनुपमा ने अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि केंद्र द्वारा प्रायोजित इस योजना में केंद्र और राज्य का वित्त पोषण 60:40 के अनुपात में है।

# विधानसभा में आज पहली बार पहुंचेगा 13 देशों का 28 सदस्यों का शिष्टमंडल

- 6 दिवसीय प्रशिक्षण की जिम्मेदारी हरियाणा विधान सभा सचिवालय को सौंपी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधान सभा 16 अप्रैल से पहली बार 13 देशों के 27 सदस्यीय शिष्टमंडल के अध्ययन दौरे की मेजबानी कर रही है। शिष्टमंडल से बुधवार को विधान परिसर में विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुलाकात करेंगे। इस शिष्टमंडल में शामिल सभी प्रतिनिधि विधि निर्माण के विशेषज्ञ हैं और वे विधान प्रारूपण में 36वें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत लोकसभा में प्रशिक्षण के बाद हरियाणा विधान सभा के साथ जोड़ा गया है। लोक सभा ने 16 से 21 अप्रैल तक 6 दिवसीय प्रशिक्षण की जिम्मेदारी हरियाणा विधान सभा सचिवालय को सौंपी है। इस शिष्टमंडल में 13 देशों के संसदीय व न्यायिक प्रणाली से जुड़े 27 उच्च अधिकारी शामिल रहेंगे। शिष्टमंडल 16 अप्रैल को नई दिल्ली से लोक सभा सचिवालय के उच्च अधिकारियों के साथ रोड मार्ग से चंडीगढ़ पहुंचेगा। इनके ठहरने का प्रबंध चंडीगढ़ के होटल माउंटव्यू में किया जाएगा।

#### इन देशों से आएंगे

जिन देशों के अधिकारी इस दौरे पर आएंगे उनमें कोट, डी-आइवर, इक्वेडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरस, मालदीव, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, श्रीलंका, तंजानिया, जाम्बिया, जिम्बाब्वे शामिल हैं। इस शिष्टमंडल के साथ लोक सभा के 10 वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। यह शिष्टमंडल विधि निर्माण प्रणाली एवं विधान प्रारूपण के लिए भारत के दौरे पर है।

#### आज सीएम और हरविन्द्र कल्याण के साथ बैठक

दौरे की शुरुआत 16 अप्रैल को विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ बैठक से होगी। उसके बाद शिष्टमंडल सचिवालय की सभी शाखाओं का दौरा करेगा। इससे आगे 21 अप्रैल तक इस शिष्टमंडल के अनेक कार्यक्रम हैं।

# आरटीई के तहत 30 प्रतिशत स्कूलों ने अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं की, होगी कार्रवाई : शिक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने मंगलवार को सिविल सचिवालय में शिक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। ढांडा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर में और सुधार लाना है। सरकारी स्कूलों में 30 अप्रैल तक 2024 में जहां पांचवीं कक्षा में 2 लाख 7 हजार 685 बच्चों का दाखिला हुआ था, वहीं 15 अप्रैल तक 2 लाख 4 हजार 163 बच्चों का दाखिला हो चुका है। 30 अप्रैल तक पिछले वर्ष से ज्यादा दाखिले हो जाएंगे। इससे जाहिर है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हुई है और विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि आरटीई के तहत हरियाणा में सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में पहली कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों को दाखिला देना अनिवार्य है। अभी तक 70 प्रतिशत स्कूलों ने उज्जवल पोर्टल के माध्यम से बच्चों की सीटें तय की हैं, बाकि के 30 प्रतिशत स्कूलों ने सीटें जल्द तय नहीं की तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। अगर स्कूलों ने शिक्षा विभाग के नियमों की पालना नहीं की तो उनके खिलाफ मान्यता रद करने का भी कदम उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आरटीई के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली से आठवीं कक्षा के बच्चों की वर्दी के पैसे उनके बैंक खातों में अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक डाल दिए जाएंगे। इन्हीं बच्चों को 21 अप्रैल तक मुफ्त किताबें दे दी जाएंगी।

#### 57 शिकायतें मिली

महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को किसी एक दुकान से पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी, स्कूल वर्दी खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। इसी तरह से एक्ट 158 (7) के तहत मान्यता प्राप्त स्कूल पांच साल से पहले स्कूल की वर्दी नहीं बदल सकते। अभी तक शिक्षा विभाग के पोर्टल पर 40 और ई-मेल के माध्यम से 57 शिकायतें की हैं। इन शिकायतों की जांच की जा रही है। अगर स्कूलों की गलती मिली तो कार्रवाई की जाएगी। बैठक में हरियाणा एलीमेंट्री एजुकेशन के डायरेक्टर विवेक अग्रवाल और सेकेंडरी एजुकेशन के डायरेक्टर श्री जितेंद्र दहिया मौजूद रहे।

### 18 अप्रैल को समिति पदाधिकारी शिक्षा मंत्री ढाडा से मिलेंगे

**चंडीगढ़।** शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति आगामी 18 अप्रैल को शिक्षा मंत्री से मास डेपुटेशन के रूप में ऑनलाइन ट्रांसफर को तय समय सीमा में करवाने को लेकर मिलेगी। समिति राज्य प्रधान कृष्ण निर्माण, राज्य महासचिव रामनिवास संगोही व प्रवक्ता ऋषि राज नरवाल ने बताया कि समिति पिछले तीन वर्षों से केवल एक मांग कि 'ऑनलाइन ट्रांसफर करो' को लेकर संघर्षरत है। निर्माण ने कहा कि यदि ट्रांसफर रुके,तो यह सरकार की ड्रीम पॉलिसी 'ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी' को धक्का लगेगा। पॉलिसी पूर्णतया भ्रष्टाचार रहित है लेकिन यदि बार-बार ट्रांसफर होंगे कहने के बाद ट्रांसफर नहीं होते तो पॉलिसी को धक्का लगेगा।

**महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल डिपो के अधीन बस स्टैण्ड नारनौल, महेन्द्रगढ़, कनीना, सतनाली व अटेली मण्डी पर स्थित शेष खाली दुकानों / साईकिल स्टैण्डो को वर्ष 2025-2026, 2026-27 व 2027-28 के लिये पट्टे पर देने की खुली निलामी दिनांक 21-04-2025, 25-04-2025 व 02-05-2025 को प्रातः 11.00 बजे बस स्टैण्ड, नारनौल पर की जानी है। उक्त बोली के लिये विस्तृत निर्देश व हिदायतों की प्रति किसी भी कार्य दिवस में महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल के कार्यालय से रुपये 500/- के नकद भुगतान पर प्राप्त की जा सकती हैं। बाकी की शर्ते मौके पर सुना दी जायेंगी।

आदेशानुसार
अनित कुमार
महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन,
नारनौल।

पीआरडीएच 1119/11/634/2026/33886/88/6 दि. 15.04.2025

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जीन्द**

मुकदमा नम्बर- 24, दिनांक- 20.01.2025, धारा- 127 (6) बीएनएस, थाना शहर, जीन्द ।

गुमशुदा की तलाश

नाम- निशा
पिता का नाम शीशपाल
पता - शिव पुरी कालोनी नरवाना रोड, जींद
उम्र- 21 साल
कद- 5 फुट 2 इंच
हुलिया- रंग गेहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, लाल रंग का सुट-सलवार पहने हुए है। जो घर से बिना किसी को बताए दिनांक 20.01.2025 से गायब है। यदि किसी को पता चले तो मोबाइल नं० 8814011511 प्रबन्धक अफसर थाना शहर जीन्द व 01681-245711 कंट्रोल रुम जीन्द से सम्पर्क करे।



प्रबन्धक अफसर
थाना शहर, जीन्द

पीआरडीएच 1084/11/3268/2026/33855/88/6 दि. 15.04.2025

# सेवा का अधिकार आयोग की कार्रवाई, जेई पर जुर्माना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- कनेक्शन अपडेट करने में देरी की गई और सोलर मीटर की प्रारंभिक रीडिंग गलत डालने पर जुर्माना

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बिजली विभाग की खामियों के चलते बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर पर 3 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है और शिकायतकर्ता को 3 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति देने के आदेश दिए हैं। आयोग ने पानीपत निवासी कपिल ग्रोवर की सोलर कनेक्शन के उपरांत बिजली बिल में सुधार न होने की शिकायत में देरी और लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता ने 1 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने 1 मार्च 2024 को सोलर कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, जिसे 5 अप्रैल 2024 को जारी कर दिया गया, लेकिन यह जानकारी विभागीय रिकॉर्ड में अपडेट नहीं की गई। परिणामस्वरूप, उनका बिजली बिल सोलर यूनिट की कटौती के बिना 8 हजार 240 रुपये की अतिरिक्त राशि के साथ जारी किया गया। आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि जूनियर इंजीनियर सुखविंदर सिंह द्वारा कनेक्शन अपडेट करने में देरी की गई और सोलर मीटर की प्रारंभिक रीडिंग गलत डाली गई, जिससे उपभोक्ता को गलत बिल थमाया गया। दूसरी ओर शिकायत निवारण प्राधिकरण के रूप में कार्यरत सहायक अभियंता कुलदीप पुनिया और द्वितीय स्तर की शिकायत निवारण प्राधिकरण के रूप में कार्यरत कार्यकारी अभियंता सुरेश द्वारा शिकायत का गलत तरीके से समाधान करने के लिए आयोग ने कार्रवाई की सिफारिश ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को की है। आयोग ने पाया कि दोनों अधिकारी बिना उपभोक्ता को सुनवाई का अवसर दिए शिकायत बंद कर चुके थे।

### टूटी सड़कों का 15 जून तक होगा सुधार : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि पूरे प्रदेश में आगामी 15 जून तक सभी टूटी हुई सडक़ों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के अनुसार प्रदेश की सभी सडक़ों की हालात के सुधार के लिए रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। चरखी दादरी जिला में ओवरलोड और अवैध खनन के कारण हो रहे नुकसान को लेकर कड़े कदम उठाए जाएंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंगलवार को चरखी दादरी में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। बैठक में रखे गए कुल 15 परिवादों में से उन्होंने मौके पर ही छः का समाधान कर दिया और चार शिकायत पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पांच शिकायतों को अगली बैठक में सुनवाई के लिए लंबित रखा गया है। उन्होंने सड़कों की मरम्मत को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री और सरकार ने निर्णय लिया है कि 15 जून तक सभी टूटी हुई सड़कों की मरम्मत होगी।

# युवाओं को नशे से दूर रखने में सहायक हैं खेल : गुप्ता




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

हरियाणा विधानसभा पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा है कि युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। नशा को खत्म करना हम सबकी नैतिक व सामाजिक जिम्मेवारी है। ज्ञानचंद गुप्ता ताऊ देवी लाल स्टेडियम सेक्टर 3 पंचकूला में तीजमल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के शुभारंभ के अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। टूर्नामेंट के आयोजक लैंडमार्क के प्रबंधक निर्देशक पंकज लिद्दो, विपिन लिद्दो, अनीश अग्रवाल, निर्मल चंद ने ज्ञानचंद गुप्ता, पंचकूला के एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, शिवालिक विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन ओम प्रकाश देवीनगर, पूर्व भाजपा जिला प्रधान दीपक शर्मा, पार्षद हरेंद्र मलिक, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र राणा, मंडल राणा सिद्धार्थ राणा एवं अन्य मेहमानों का स्वागत किया और शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 82 दिनांक 04/04/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना HSIIDC BARHI जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान

नाम- रविन्द्र ।
पिता का नाम - बलजौर ।
पत्ता- वासी बेगा रोड गन्नौर नजदीक शिव मन्दिर सोनीपत
उम्र 35 वर्ष।
कद-05 फुट 07 इन्च ।
हुलियाः- रंग गोरा, गोल चेहरा, काले बाल, हष्ट-पुष्ट शरीर।
पहनावा पीले रंग की गोल गले की टी-शर्ट व नीली जीन्स पहने हुए हैं।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि रविन्द्र पुत्र बलजौर बासी रोड गन्नौर नजदीक शिव मन्दिर जिला सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कही चला गया है जो अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. नं. :-7419410541,
अनुसंधानकर्ता मो. नं. :- 8168240834,
कन्ट्रोल रूम सोनीपत :- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/3273/2026/33869/88/6 दि. 15.04.2025

# निजी पब्लिशर्स की महंगी किताबों को स्कूलों में लेकर चेकिंग अभियान चलाएगा शिक्षा बोर्ड

- जल्द ही शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर के विद्यालयों में होगी जांच, विशेष उड़नदस्ते गठित किए जाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने अराजकीय स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों को निजी पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई का निर्णय लिया है। प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार प्रदेशभर में कोई भी अराजकीय विद्यालय विद्यार्थियों के अभिभावकों को निजी पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने पर मजबूर नहीं कर सकता। हरियाणा सरकार द्वारा यह कदम अभिभावकों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में उठाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जल्द ही शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर के विद्यालयों में पढ़ाई जा रही पाठ्य-पुस्तकों की चैकिंग के लिए विशेष उड़नदस्ते गठित किए जाएंगें।

#### निर्देशों की अवहेलना पर होगी कार्रवाई

बोर्ड द्वारा गठित उड़दस्तों द्वारा चैकिंग के दौरान यदि कोई विद्यालय शिक्षा विभाग व शिक्षा बोर्ड के निर्देशों की अवहेलना करता पाया जाता है तो उनके खिलाफ बोर्ड द्वारा सम्बद्धता नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इसे शिक्षा के अधिकार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने बताया कि निजी विद्यालयों को ऐसी किताबों पर रोक लगा देनी चाहिए जो न तो जरूरी हैं, और न ही नीति के अनुसार हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | आरडी 13200 और 5945 पर बीआर ब्रिज सहित पाइप कल्वर्ट को बदलने समेत आरडी 7250 से आरडी 15843 तक बेहलोलपुर लिंक ड्रेन के अतिक्रमण किए गए भाग की खुदाई + 1 कार्य। | 11.04.2025 17.04.2025 | 47.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | आरडी 0.000 से 68000 फुट तक कृष्णावती नदी की आंतरिक सफाई (बाढ़ संरक्षण कार्य के तहत)। | बंद होने की तिथि 17.04.2025 | 34.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | बलाली सब माइनर के कि.मी. 2.695 टेल पर गांव बलाली ऑफटेक में स्प्रिंकलर सिस्टम के माध्यम से सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए नहरी जल संग्रहण टैंक का निर्माण + 4 कार्य। | 10.04.2025 21.04.2025 | 1791.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 4 | महिला एवं बाल विकास, प्रबंधक पंजीरी प्लांट घरौंडा, करनाल | वर्ष 2025-26 हेतु माइक्रो न्यूट्रियेंट्स प्रीमिक्स की खरीद के लिए दर अनुबंध। | 11.04.2025 01.05.2025 | 7.5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466703499 panjiriplantwcdgharaunda@yahoo.co.in |
| 5 | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में विद्युत मदों और प्लम्बिंग मदों के प्रावधान हेतु ई-निविदा के लिए विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में + 1 अन्य कार्य। | 16.04.2025 01.05.2025 | 20,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वीडियो स्पेक्ट्रल कम्पेरेटर्स की खरीद। | 16.04.2025 16.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 1. बस, 52 सीटर्स, बीएस-VI की अधिप्राप्ति। 2. मिनी बस, 32 सीटर्स, बीएस-VI की अधिप्राप्ति। | 16.04.2025 16.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | टोयोटा फॉर्चूनर वाहनों का बुलेट प्रूफिंग कार्य। | 16.04.2025 16.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/160/33895/I/88/6 दि. 15.04.25

खबर संक्षेप

## गेहूं काटते समय करंट से कंबाइल चालक की मौत

**सिरसा।** जिला के कंवरपुरा गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गेहूं की कटाई के दौरान कंबाइन के ड्राइवर की बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचान निवासी 40 वर्षीय गुरदेव सिंह सोमवार शाम को कंवरपुरा के खेतों में कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई कर रहा था। ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही है। कंबाइन मशीन बिजली की लाइन से टकरा गई। इस दौरान बिजली की सप्लाई चालू होने के कारण पूरी मशीन में करंट आ गया। गुरदेव को इससे तेज करंट लगा। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## बुलेट से पटाखे बजाने पर काटा 23,500 का चालान

**डबवाली।** यातायात थाना पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखा बजाने पर 23,500 का चालान कर मोटरसाइकिल को इम्पाउंड किया है। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि चालकों द्वारा मोटर वाहन अधिनियम का पालन न करने वाले ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट, लाइन चेंज, रॉन्ग पार्किंग, सीट बेल्ट, बिना नंबर प्लेट, बिना पैटर्न नंबर प्लेट चालान किए गए है।

### फ्यूचर मेकर की तरह एक और कंपनी ने हजारों को लगाया चूना

# फतेहाबाद में पैसा डबल करने का लालच देकर 70 करोड़ ठगे

- एसपी से मिले पीड़ित, पैसा वापस दिलवाने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फ्यूचर मेकर कम्पनी के मालिक राधेश्याम के नक्शे कदम पर चलते हुए रतिया के एक युवक ने भी ऐसी ही कम्पनी बनाकर हजारों लोगों से करोड़ों रुपये ठग लिए। शातिर ठग ऐसा षडयंत्र रचा कि आसपास के गांवों से 12 हजार लोगों को अपनी चाल में फंसाकर उनसे 70 करोड़ रुपये ठग लिए।

इस मामले में ठगी का शिकार हुए लोग मंगलवार को फतेहाबाद में एसपी आस्था मोदी से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपकर शीशपाल फ्रंट-लेन कंसल्टेंसी एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड नामक कम्पनी के मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उनका पैसा वापस दिलवाने की गुहार लगाई। इन लोगों का कहना है कि रतिया के गांव सहनाल के एक युवक ने अपने पिता के नाम पर कंपनी बनाकर फतेहाबाद के अलावा हिसार, सिरसा व पंजाब के करीब 12 हजार लोगों को अपना शिकार बनाया और उनसे करीब 70 करोड़ रुपए ठग लिए है। इसमें से 40 करोड़ के फ्रॉड के तो उनके पास दस्तावेज तक हैं। एसपी ने ग्रामीणों को इस मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।



**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक को शिकायत करने पहुंचे लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### 8-9 महीने में ही हजारों लोगों ने निवेश किया

एसपी से मिलने पहुंचे गांव सहनाल निवासी सुरेश कुमार व राजेंद्र कुमार ने बताया कि गांव सहनाल के सुखविंद्र सिंह ने अपने पिता के नाम पर शीशपाल फ्रंट-लेन कंसल्टेंसी एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाई है। सुखविंद्र खुद को कंपनी का सीईओ बताता है। पैसा निवेश करने पर डबल करने का लालच दिया। इसके बाद 8-9 महीने में ही हजारों लोगों ने निवेश कर दिया।

### कंपनी ने 25 से ज्यादा लोगों को एजेंट बनाए

ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक उक्त व्यक्ति 12 हजार लोगों से करीब 70 करोड़ रुपए इकट्ठा कर चुका है। सुरेश कुमार ने बताया कि 40 करोड़ रुपए जमा करवाने का तो उनके पास पूरा डेटा है। अब इस कंपनी के सीईओ का मोबाइल नंबर बंद है। शिकायतकर्ता राजेंद्र ने बताया कि उसने 10 रिश्तेदारों का पैसा इस कंपनी में लगवाया था। दिसंबर महीने में कंपनी संचालक के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी थी, मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कंपनी मालिक ने 25 से ज्यादा लोगों को एजेंट बनाकर लगा रखा था, जो लोगों से पैसे लगवाते थे।राजेंद्र ने बताया कि उसने भी बड़ी मुश्किल से अपने रुपए निकलवाए। राजेंद्र व सुरेश कुमार ने बताया कि इस कंपनी में पैसा इन्वेस्ट करने वालों को एक एग्रीमेंट भी दिया जाता था। एग्रीमेंट में निवेश की जा रही राशि, अवधि व अन्य टर्म एंड कंडीशन लिखी हुई होती हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि इस कंपनी में फतेहाबाद जिले के अलावा हिसार-सिरसा व पंजाब के कई लोगों ने भी निवेश के नाम पर पैसे लगा रखे हैं। पहले आसपास के लोगों को निवेश करने को कहा गया, उसके बाद सिलसिला बढ़ता गया। लोगों ने अपने रिश्तेदारों के भी पैसे लगवा दिए। इस संबंध में रतिया के सदर थाना प्रभारी राजबीर सिंह का कहना है कि इस कंपनी के खिलाफ शिकायतें आई थी।

### मौके पर नहीं पहुंच पाई दमकल की गाड़ियां, कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

# सफीदों में आग का तांडव, कार व डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों उपमंडल के गांव मलार में आग लगने से एक कार व डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मामले की सूचना दमकल को दी गई। सफीदों व पिल्लूखेड़ा से दो दमकल की गाड़ी पहुंची जरूर लेकिन आगे रास्ता ना मिल पाने के कारण वह घटनास्थल पर नहीं जा सकी। आग की सूचना पाकर काफी तादाद में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणें ने अपने-अपने स्त्रोतों के माध्यम से पानी लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया। इसके अलावा ग्रामीणों ने आग लगे खेत में हैरो चलाई और पेड़ों की टहनियों से करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गांव मलार के किसान सतीश सैनी व गांव होशियारपुरा के भूपेंद्र ने गांव मलार में जमीन ठेके पर ली हुई है और उसमें गेहूं की फसल लगाई हुई थी। भूपेंद्र के ट्रैक्टर के पहिये में कुछ खराबी आ गई। कार में पार्टस लेकर आया था। उस कार ने गर्मी पकड़ ली और कार में से चिंगारी उठी और आग चारोओर फैल गई।



आग से जली कार एवं खेत में हैरो चलाकर आग पर काबू पाते हुए किसान।

### कलायत: नेशनल हाई-वे पर 24 घंटें से धधक रही आग



कलायत। गांव कैलरम के पास पराली भंडारण स्थल पर धधकी रही आग को काबू पाने में लगी बचाव टीमें

**कलायत।** कलायत में नेशनल हाई-वे पर गांव कैलरम व तितरम के बीच 24 घंटें से धधक रही आग से कोहराम मचा है। कृषि, सार्वजनिक क्षेत्र और आवासीय इलाकों को सुरक्षित रखने के लिए करनाल, जींद, कैथल व अन्य जिलों की दमकल टीमें गतिशील हैं। इसके साथ ही गांव के लोग बचाव कार्य में पूर्ण रूप से सहयोग दे रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कई वर्षों से व्यापारी की दृष्टि से एक यूनिट जिसमें विजेंद्र सिंह, किताब सिंह, बुध राम और दिलबाग सिंह द्वारा नेशनल हाई-वे के पास पराली की गांठ व सूखे चारे का भंडारण स्थल बनाया गया। इसमें अज्ञात कारणों से सोमवार रात्रि आग धधक उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। नाजुक स्थिति को देखते प्रशासन को स्थिति से अवगत करवाया गया। कैथल के साथ-साथ आसपास पड़ोस के जिलों से दमकल वाहनों को आग पर काबू पाने के लिए मौका स्थल पर गतिशील किया गया।

### आसौदा में ढाबे को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

## ढाबे में तोड़फोड़ और संचालक के हाथ में लगी गोली, केस दर्ज



**बहादुरगढ़।** ढाबे में की गई तोड़फोड़ के बाद हालात व कुएं में पड़े सिलेंडर व बर्तन।

**बहादुरगढ़।** गांव आसौदा में ढाबे को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। एक ढाबे में घुसकर तोड़फोड़ की गई। सामान फेंक दिया गया। हाथापाई के दौरान शिकायतकर्ता ढाबा संचालक को उसी की लाइसेंसी पिस्तौल से गोली लग गई। इस संबंध में गांव के ही एक व्यक्ति, उसके पुत्र सहित अन्य लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास, शस्त्र अधिनियम, तोड़फोड़ करने सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है। घायल की पहचान आसौदा के निवासी मनोज के रूप में हुई है। मनोज का कहना है कि उसने केएमपी पर बनी पार्किंग के पास किराये पर जमीन लेकर ढाबा बना रखा है। पिछले तीन साल से वह यह काम कर रहा है। हाल ही में मेरे गांव के निवासी प्रीतम ने मेरे ढाबे के सामने अपना ढाबा बना दिया। इसी वजह से तकरार बढ़ गई। सोमवार की रात को वह आया और गाली गलोच करने लगा। फिर उसका बेटा दो युवकों के साथ आया और झगड़ने लगा। वे मेरी लाइसेंसी पिस्तौल छीनने लगे। छीना झपटी के दौरान गोली चल गई और मेरे हाथ पर लग गई। इसके बाद वे चले गए। मुझे बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां से रेफर कर दिया गया। बाद में पता चला कि उन युवकों ने मेरे ढाबे पर तोड़फोड़ की। सारा सामान नष्ट कर दिया। उधर, आसौदा पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। केस दर्ज कर लिया है।

## कनाडा भेजने के नाम पर युवक से 23 लाख की धोखाधड़ी

**अंबाला।** एक एजेंट ने देहरादून के युवक से विदेश भेजने के नाम पर 23 लाख रुपये ठग लिए। इस मामले में पीड़ति ने एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया को पत्र लिखकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। अब एसपी की ओर से मामले की जांच बलदेव नगर पुलिस को सौंपी गई है। देहरादून के अंकित ने अपनी शिकायत में बताया कि अंबाला के रहने वाले अमनदीप ने उसे कनाडा भेजने के नाम पर 23 लाख रुपये की ठगी की है। उसने वादा किया था कि वह उसे एक सप्ताह में वीजा लगवाकर कनाडा भेज देगा लेकिन जब अंकित ने एक सप्ताह बाद उससे कहा कि या तो वह उसे कनाडा भेज दे या फिर दिए गए पैसे वापस कर दे।

## दोस्तों के साथ पराठे खाने गए युवक पर चलाई गोली

**गुरुग्राम।** सुशांत लोक एरिया में दोस्तों के साथ पराठे खाने गए युवक के साथ हुई कहासुनी के बाद उसकी गाड़ी का पीछा कर गोली चलाने का मामला सामने आया है। गोली युवक के हाथ में लगी। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर घटनास्थल से वैगनआर कार, एक जिंदा कारतूस व एक खाली कारतूस बरामद कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने मामले में कुछ ही घंटे के दरमियान नाबालिक सहित दो आरोपियों को काबू किया है। सुशांत लोक थाना पुलिस को दी शिकायत में एक युवक ने कहा कि वह साथियों के साथ कार से मिलेनियम सिटी सेंटर के नजदीक पराठे खाने गया था।

### दिल्ली के होमगार्ड से बहादुरगढ़ में लूटपाट

**बहादुरगढ़।** दिल्ली के होमगार्ड जवान के साथ गांव टांडाहेड़ी में लूटपाट की वारदात हो गई। बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवर टेक कर उसे रुकवाया और बैग तथा मोबाइल ले गए। सदर थाना पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। वारदात टांडाहेड़ी के निवासी राजेश के साथ हुई है। राजेश दिल्ली में होमगार्ड है। राजेश के मुताबिक, सोमवार की रात को वह बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था। जब गांव में गंदे नाले के पास पहुंचा तो पीछे से एक बाइक आई। उस पर तीन युवक सवार थे। बाइक सवार युवकों ने ओवरटेक कर मुझे रुकवा लिया। उनके हाथ में पिस्तौल थी। युवकों ने मुझसे पर्स व मोबाइल मांगा और कहा कि देदे, वरना जान से मार देंगे। फिर एक लड़के ने मुझ से बैग छीन लिया। बैग में मोबाइल फोन, छह हजार रुपये, आईकार्ड, मेट्रो कार्ड, डेबिट कार्ड, डीएल सहित अन्य दस्तावेज थे। फिर वे बाईपास की तरफ भाग गए। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। राजेश की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## देशभर में 32.08 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले 23 आरोपी धरे

**गुरुग्राम।** देश के विभिन्न राज्यों में लगभग 32.08 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने वाले 23 आरोपियों को साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी निवेश कराने, फेडेक्स फ्रॉड, बिजली बिल पेमेंट, एक्सटॉर्शन, लोन एप, इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर लोगों से धोखाधाड़ी की वारदातों को अंजाम देकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। गुरुग्राम पुलिस ने आरोपियों बरामद किए एक लैपटॉप, 15 मोबाइल व चार सिम कार्ड की इंडियन साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर से जांच कराई गई। जांच में पता चला कि आरोपियों के खिलाफ देशभर में 32.08 करोड़ रुपयों की ठगी करने के संबंध में 8565 शिकायतें और 274 मामले दर्ज हैं।

## तंबाकू व खैनी-गुटका के गोदाम में लगी आग

**गुरुग्राम।** जिले के गांव भोंडसी के पास श्याम विहार कॉलोनी के एक मकान के भूतल पर तंबाकू व खैनी-गुटका के लिए बनाए गए गोदाम में मंगलवार की सुबह आग लगी गई। जिन मकान में गोदाम में बना हुआ था, उक्त मकान में रात के समय लगभग 20 युवक भी सो रहे थे। गोदाम में आग लगने की जानकारी मिलते ही सभी युवक उठकर बाहर आ गए और दमकल विभाग को आग लगने के बारे में सूचना दी। सूचना मिलते ही सोहना फायर स्टेशन से एक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझाया जा सका। मंगलवार की सुबह लगभग 5.30 बजे मकान में बने गोदाम में रखे सामान में आग लग गई थी।

हरियाणा सरकार



“पीएम आवास योजना से लोगों को न सिर्फ़ पक्का घर मिल रहा है, बल्कि इससे गांवों और शहरों में रोज़गार के भी अनेक अवसर बन रहे हैं।”
- नरेन्द्र मोदी

हरियाणा सरकार का है सपना, सबका घर हो अपना
मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना

मुख्य बिन्दु
- पारिवारिक वार्षिक आय ₹1.80 लाख
- घुमन्तु जाति के परिवारों को प्राथमिकता
- 1 मरला (30 वर्ग गज) प्लॉट मात्र ₹1 लाख में

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अन्तर्गत मकान निर्माण हेतु ₹2.5 लाख की सब्सिडी का प्रावधान

वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पारदर्शी प्रक्रिया
बुकिंग | सभी साइट्स के नक्शे उपलब्ध | सरल बुकिंग भुगतान विकल्प

निम्न 16 शहरों में 15,696 प्लॉटों का प्रावधान

| | |
|---|---|
| चरखी-दादरी | हिसार |
| सिरसा | झज्जर |
| फतेहाबाद | जगाधरी |
| सफीदों | अम्बाला |
| रोहतक | रेवाड़ी |
| महेन्द्रगढ़ | करनाल |
| पलवल | जुलाना |
| बहादुरगढ़ | जीन्द |

न्यूनतम बुकिंग राशि मात्र 10,000 रुपये
बुकिंग की अंतिम तिथि 30.04.2025

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
कॉल करें 0172-3520001 अथवा पोर्टल www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | follow us on | @diprharyana

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

# देश का निर्यात मार्च में 0.7 प्रतिशत बढ़कर 41.97 अरब डॉलर, व्यापार घाटा 21.54 अरब डॉलर पर

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारत का वस्तु निर्यात इस साल मार्च महीने में मामूली 0.7 प्रतिशत बढ़कर 41.97 अरब डॉलर रहा है। वहीं माह के दौरान व्यापार घाटा भी बढ़कर 21.54 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष मार्च महीने में आयात 11.3 प्रतिशत बढ़कर 63.51 अरब डॉल हो गया। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) में देश का निर्यात नाममात्र 0.08 प्रतिशत बढ़कर 437.42 अरब डॉलर रहा जबकि आयात 6.62 प्रतिशत बढ़कर 720.24 अरब डॉलर रहा। इससे व्यापार घाटा 282.82 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस साल फरवरी में व्यापार घाटा 14.05 अरब अमेरिकी डॉलर था। पिछले साल मार्च में निर्यात और आयात के बीच का अंतर 15.33 अरब अमेरिकी डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह 241.14 अरब अमेरिकी डॉलर था। देश का कुल वस्तु और सेवा निर्यात 2024-25 में 820.93 अरब डॉलर के 'रिकॉर्ड' स्तर तक पहुंचने का अनुमान है। यह 2023-24 की तुलना में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि है। उस दौरान यह 778.13 अरब डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 383.51 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि 2023-24 में यह 341.06 अरब डॉलर रहा था। 2024-25 में आयात 194.95 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 178.31 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, 2024-25 में वस्तु निर्यात का आंकड़ा अबतक का सर्वाधिक है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि कुल निर्यात भी अबतक के 'उच्चतम' स्तर पर है।

## इंजीनियरिंग निर्यात 2024-25 में 116.67 अरब डॉलर रहा



इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, सभी प्रकार के कपड़ों से तैयार वस्त्र, चावल, सूती धागे/कपड़े, प्लास्टिक, कॉफी, मसाले, चाय और तंबाकू जैसे क्षेत्रों से निर्यात को गति मिली। इंजीनियरिंग निर्यात 2024-25 में 116.67 अरब डॉलर रहा जो 2023-24 में 109.3 अरब डॉलर था। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक (38.38 अरब डॉलर), औषधि (30.47 अरब डॉलर), सिले-सिलाए परिधान (15.99 अरब डॉलर), चावल (12.47 अरब डॉलर), सूती धागा/कपड़े (12.06 अरब डॉलर), प्लास्टिक (8.92 अरब डॉलर) का स्थान रहा। पिछले वित्त वर्ष में जिन क्षेत्रों में इससे पूर्व वित्त वर्ष के मुकाबले गिरावट आई, उनमें पेट्रोलियम उत्पाद (84.16 अरब डॉलर के मुकाबले 63.34 अरब डॉलर), रत्न और आभूषण (32.17 अरब डॉलर के मुकाबले 29.81 अरब डॉलर) और रसायन (29.38 अरब डॉलर के मुकाबले 28.7 अरब डॉलर) शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में सोने का आयात बढ़कर 58.01 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 45.54 अरब डॉलर था। मात्रा के लिहाज से, आयात 2024-25 में घटकर 757.15 टन रह गया, जो 2023-24 में 795.32 टन था। आयात के मोर्चे पर, पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर्ज करने वाले अन्य आयात क्षेत्रों में कच्चा तेल (178.73 अरब डॉलर के मुकाबले 185.78 अरब डॉलर) और इलेक्ट्रॉनिक सामान (87.86 अरब डॉलर के मुकाबले 98.73 अरब डॉलर) शामिल हैं। हालांकि, कोयला और कोक का आयात 2024-25 में घटकर 31.09 अरब डॉलर रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 38.88 अरब डॉलर था।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका ने कंप्यूटर चिप दवाओं की जांच की शुरू

**बैंकॉक (एपी)।** अमेरिकी प्रशासन ने प्रमुख आयातों पर अधिक शुल्क लगाने की दिशा में अपना अगला कदम उठाते हुए कंप्यूटर चिप, चिप बनाने वाले उपकरण और दवा संबंधी आयात की जांच शुरू की है। वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार देर रात संघीय रजिस्टर पर जांच के बारे में नोटिस जारी किया। इसमें तीन सप्ताह के भीतर सार्वजनिक टिप्पणी मांगी गई हैं। इससे पहले मंत्रालय ने औपचारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं की थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन से आयात के अलावा अन्य देशों पर शुल्क बढ़ोतरी के अपने कदम पर 90 दिन की पिछले सप्ताह रोक लगा दी थी। हालांकि, उन्होंने कहा है कि वे अब भी दवाओं, लकड़ी, तांबे और कंप्यूटर चिप पर शुल्क लगाने की योजना बना रहे हैं।

### पूनावाला फिनकॉर्प स्वर्ण ऋण कारोबार में उतरी

**नई दिल्ली।** साइरस पूनावाला समूह द्वारा प्रवर्तित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पूनावाला फिनकॉर्प ने मंगलवार को 'गोल्ड लोन' (स्वर्ण ऋण) कारोबार में उतरते हुए गारंटी वाले ऋण उत्पादों के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया। इस नई पेशकश ने व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए एक सुरक्षित, तेज और पारदर्शी वित्तपोषण समाधान प्रदान किया है, जो कारोबार विस्तार, कृषि लागत और व्यक्तिगत खर्चों जैसी विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है।

### ट्रांसरेल लाइटिंग को 1,085 करोड़ रुपए के नए ऑर्डर

**नई दिल्ली।** ट्रांसरेल लाइटिंग ने कहा कि उसे घरेलू बाजार में 1,085 करोड़ रुपये के नए पारेषण और वितरण (टीएंडडी) ऑर्डर मिले हैं। कंपनी को मार्च में भी टीएंडडी और रेलवे क्षेत्र में 1,647 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले थे। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी रणदीप नारंग ने एक बयान में कहा, "हम अपने मुख्य पारेषण एवं वितरण खंड में इस नए ऑर्डर के साथ वित्त वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं।

### कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही

# यूटिलिटी वाहनों की मांग से यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड 43 लाख के पार: सियाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर रिकॉर्ड 43 लाख इकाइयों का आंकड़ा पार कर गई। कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही। उद्योग निकाय सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

■ उद्योग निकाय सियाम ने दी जानकारी

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर यात्री वाहनों की थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 43,01,848 इकाई हो गई। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 42,18,750 इकाई रही थी। सियाम के अनुसार, यूटिलिटी वाहनों ने वृद्धि को गति देना जारी रखा। सियाम ने कहा कि यात्री वाहन खंड ने भी वित्त वर्ष 2024-25 में अपना अब तक का सबसे अधिक 7.7 लाख इकाई का निर्यात दर्ज किया। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में यह 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। निर्यात में वृद्धि देश में निर्मित होने वाले वैश्विक मॉडल की मांग से प्रेरित रही।



### तिपहिया वाहनों की बिक्री सात फीसदी रही

पिछले वित्त वर्ष में कुल वाणिज्यिक वाहनों की थोक बिक्री एक प्रतिशत घटकर 9,56,671 इकाई रह गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 9,68,770 इकाई थी। इसी अवधि में तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 6,94,801 इकाइयों की तुलना में सात प्रतिशत बढ़कर 7,41,420 इकाई हो गई।

### उद्योग ने स्थिर प्रदर्शन जारी रखा

सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा, "भारतीय मोटर वाहन उद्योग ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपना स्थिर प्रदर्शन जारी रखा, जो अच्छी मांग, बुनियादी ढांचे में निवेश, सहायक सरकारी नीतियों और टिकाऊ परिवहन पर निरंतर जोर से प्रेरित रहा।" सभी श्रेणियों में पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 2,38,57,411 इकाई से सात प्रतिशत बढ़कर 2,56,07,391 इकाई हो गई।

### यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी

वित्त वर्ष 2024-25 में कुल यात्री वाहनों की थोक बिक्री में इनकी हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही जो वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 60 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 27,97,229 इकाई हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 25,20,691 इकाई थी। इसकी तुलना में, यात्री कारों की बिक्री में 13 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की 15,48,947 इकाई से घटकर 13,53,287 इकाई रह गई।

### दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री में नौ फीसदी इजाफा

गत वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 1,96,07,332 इकाई हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,79,74,365 इकाई थी। सियाम ने कहा कि ग्रामीण मांग में सुधार और उपभोक्ता विश्वास में पुनरुत्थान से इस क्षेत्र को उबरने में मदद मिल रही है।

### पड़ोसी देशों में निर्यात मांग जारी रही

यात्री वाहनों की थोक बिक्री मार्च महीने में 3,81,358 इकाई रही, जो मार्च 2024 के 3,68,090 वाहनों से चार प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, सियाम ने बताया कि अफ्रीका और पड़ोसी देशों जैसे प्रमुख बाजारों में निर्यात मांग जारी रहने की संभावना है, क्योंकि 'मेड इन इंडिया' वाहनों का चलन बढ़ रहा है।

# मौजूदा समय में बफर पूंजी के उपयोग की जरूरत नहीं : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को 'काउंटरसाइक्लिकल' यानी सुस्ती की स्थिति से निपटने के लिए तैयार बफर पूंजी (सीसीवाईबी) का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि मौजूदा परिस्थिति में इसकी जरूरत नहीं है।

आरबीआई ने सीसीवाईबी की रूपरेखा को फरवरी, 2015 में दिशानिर्देशों के रूप में पेश किया था। इसमें यह सलाह दी गई थी कि परिस्थितियों के अनुरूप सीसीवाईबी को लागू किया जाएगा और इसके बारे में पहले से घोषणा की जाएगी।

रूपरेखा में मुख्य संकेतक के रूप में ऋण-जीडीपी अंतर की परिकल्पना की गई है। इसका उपयोग अन्य पूरक संकेतकों के साथ किया जा सकता है। आरबीआई ने बयान में कहा, ''सीसीवाईबी संकेतकों की समीक्षा के आधार पर यह निर्णय लिया गया है कि इस समय इसको लागू करना जरूरी नहीं है।'' इसे पेश 2015 में किया गया, लेकिन आरबीआई ने अबतक इसका उपयोग नहीं किया है। आरबीआई के अनुसार, सीसीवाईबी व्यवस्था के दो उद्देश्य हैं। सबसे पहले, इसके लिए बैंकों को अच्छे समय में पूंजी बफर बनाने की आवश्यकता होती है, जिसका उपयोग कठिन समय में ऋण के प्रवाह को बनाए रखने के लिए किया जा सकता है। दूसरा, यह बैंक क्षेत्र को अत्यधिक ऋण वृद्धि की अवधि में अंधाधुंध कर्ज देने से रोकने के लक्ष्य को भी हासिल करने में मददगार है।

**ग्राम पंचायत बुटाना खेतलान**
**खण्ड मुण्डलाना, तह. गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुटाना खेतलान में स्थित पटवार खाना की बिल्डिंग (कंडम) व ग्राम पंचायत के पास टूटे पड़े लोहे के जाल, सफाई कर्मचारी की रिक्शा आदि की नीलामी दिनांक 21.04.2025 की प्रातः 11:00 बजे भिखान पाना चौपाल में करवाई जाएगी। दोनों नीलामी की सिक्योरिटी राशि रु. 10,000/- प्रति बोलीदाता के हिसाब से ली जाएगी। सफल बोलीदाता से उपरोक्त बोली राशि मौके पर वसूल की जाएगी। अन्य शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। बोली छोड़ने का हक ग्राम पंचायत का होगा। इच्छुक बोलीदाता बोली दे सकते हैं।

हस्ता/- सीमा, सरपंच
ग्राम पंचायत बुटाना खेतलान, खण्ड मुण्डलाना, तह. गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा), फोन : 9911024747

**सार्वजनिक सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय बिजली अधिनियम 1956 की धारा 80, 82(1) के तहत SDO TL Sonipat के अंतर्गत आने वाली 220 KV/ 132 KV लाइनों के नीचे मकान बनाना अवैध है। इनके नीचे मकान बनाने से किसी भी तरह की जान माल की हानि होगी तो उसके लिए आप स्वयं ज़िम्मेवार होंगे, विभाग की कोई ज़िम्मेवारी नहीं होगी।

SDO/TL S/Div.
HVPNL.Sonipat

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अमेरिकी शुल्क लागू होने से भारत की वृद्धि दर घटेगी : एसएंडपी

**नई दिल्ली।** भारत, चीन और जापान जैसी प्रमुख एशिया-प्रशांत की अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में अमेरिकी जवाबी शुल्क लागू होने पर अगले दो वर्षों में 0.20 से 0.40 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा, अमेरिका की शुल्क लगाने की धमकी ने वैश्विक व्यापार व भरोसे को कम किया है। चीन और अमेरिका के साथ निर्यात पर क्षेत्र की निर्भरता का विनिर्माताओं और छोटी अर्थव्यवस्थाओं पर बहुत अधिक असर पड़ेगा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अनुसंधान प्रमुख (एशिया-प्रशांत) यूनिस टैन ने कहा, " यदि दो अप्रैल, 2025 को घोषित शुल्क अन्य अर्थव्यवस्थाओं पर फिर से लागू हो जाते हैं, तो इसके भू-राजनीतिक तथा आर्थिक परिणाम गहरे होंगे।' भारत के लिए, एसएंडपी ने मार्च में 2025 और 2026 के लिए क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। यदि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित जवाबी शुल्क को लागू किया जाता है तो एसएंडपी का अनुमान है।

## राष्ट्रीय स्थिरता के लिए बड़े जोखिम पैदा कर सकते हैं साइबर हमले : अमिताभ कांत

**नई दिल्ली।** देश के स्मार्ट मीटर और डिजिटल ग्रिड की ओर बढ़ने के साथ ही साइबर हमले राष्ट्रीय स्थिरता और रोजमर्रा की जिंदगी के लिए बड़े जोखिम पैदा कर सकते हैं। भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2024 में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्रों में साइबर हमलों में भारी उछाल देखा गया और भारत में डेटा या किसी के ब्योरे में सेंध की औसत लागत लगभग 28 लाख अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि पिछले साल, भारतीय व्यवसायों को प्रति सप्ताह 3,000 से अधिक साइबर हमलों का सामना करना पड़ा। कांत ने राष्ट्रीय राजधानी में साइबर सुरक्षा समाधान कंपनी लिसिएंथस टेक के एक अध्ययन को जारी करते हुए कहा कि भारत ने सरकार प्रायोजित साइबर हमलों में बहुत तेज उछाल देखा है और 2021-24 के बीच ऐसी घटनाओं में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एग्रोमॉल, रोहतक में एलेवेटर्स और एस्केलेटर्स सिस्टम का व्यापक वार्षिक रखरखाव और प्रचालन। | 11.04.2025 22.04.2025 | ईएमडी 31700/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33864/I/88/6 दि. 15.04.25

## भारत में दूसरा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक बनने की क्षमता

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने मंगलवार को कहा कि भारत में ब्राजील और चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक बनने की क्षमता है। भारत का लौह अयस्क उत्पादन 2024-25 (अप्रैल-जनवरी) में 3.5 प्रतिशत बढ़कर 23.6 करोड़ मीट्रिक टन हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 22.8 करोड़ मीट्रिक टन था। वेदांता समूह के चेयरमैन ने बताया कि भारत कैसे लौह अयस्क उत्पादन में ब्राजील और चीन से आगे निकल सकता है। चेयरमैन ने कहा, " हमारे विशाल भंडार को देखते हुए, हम प्रति वर्ष 70 करोड़ टन उत्पादन कर सकते हैं और ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे सबसे बड़े देश बन सकते हैं... यह काफी हद तक संभव है। इससे भारत को आर्थिक वृद्ध, नौकरियों और राजस्व के मामले में काफी लाभ होगा..। अग्रवाल ने वैश्विक लौह अयस्क बाजार में भारत की विकास क्षमता का उल्लेख किया और कहा, " लोहे और इस्पात के बिना जीवन की



कल्पना करना कठिन है, जो लोहे से बने हैं। हमारे मकानों, हमारे वाहनों, हमारे 'गैजेट', सभी को लोहे व इस्पात की आवश्यकता होती है। आज भारत चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक आज, भारत दुनिया में लौह अयस्क का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक है... केवल ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील और चीन ही इससे अधिक उत्पादन करते हैं। वेदांता समूह की कंपनी 'सेसा गोवा आयरन ओर' गोवा, कर्नाटक और ओडिशा में लौह अयस्क की खोज, खनन और प्रसंस्करण में लगी हुई है।

### रुपया 33 पैसे चढ़कर 85.77 प्रति डॉलर

**मुंबई।** शेयर बाजारों में तेज उछाल और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच डॉलर में जारी कमजोरी के कारण मंगलवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में लगातार दूसरे सत्र में तेजी रही और यह 33 पैसे चढ़कर 85.77 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, अनुकूल घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क को नौ जुलाई तक टालने के फैसले से भी रुपये को समर्थन मिला।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत के तहत रेलवे लाइन के पूर्वी साइड में डिस्पोजल्स का प्रचालन और रखरखाव + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.04.2025 | 5.55 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33874/I/88/6 दि. 15.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन बीबीएमबी बल्लभगढ़ में स्थापित नये मोटराइज्ड 220 केवी और 66 केवी आइसोलेटर सहित 17 अदद पुराने, ओब्सोलीट और मैनुअल ऑपरेटेड 66 केवी आइसोलेटर तथा 2 अदद 220 केवी पुराने, ऑब्सोलीट और मैनुअल ऑपरेटेड को बदलना। | 11.04.2025 21.04.2025 | 6.08 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | 66 केवी सब स्टेशन फर्रूखनगर गुरूग्राम में कंट्रोल रूम बिल्डिंग का विस्तार, सीमेंट कंक्रीट और यू.सी. फेंसिंग का निर्माण। | 09.04.2025 24.04.2025 | 49.95 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33876/I/88/6 दि. 15.04.25

## राशिफल


**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।


**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।


**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।


**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।


**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।


**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।


**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।



**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।


**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।


**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।


**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5838




**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 5837 का हल









# बल्लेबाजों का आत्मविश्वास बढ़ाने बेहतर पिच पर खेलने की जरूरत

एजेंसी ⏭ लखनऊ

महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई के चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच तैयार करने का आग्रह किया है जिससे उनके बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके क्योंकि वह चाहते हैं कि उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स निर्भीक क्रिकेट खेले।

धोनी की 11 गेंदों में 26 रन की पारी ने चेन्नई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर महत्वपूर्ण जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह से पांच बार के चैंपियन ने चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया, जिसमें घरेलू मैदान पर तीन हार भी शामिल हैं।



- धोनी ने चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच बनाने का किया आग्रह
- बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके

### छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच जीता

पिछले छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले धोनी ने मंगलवार को मैच के बाद कहा, "एक कारण यह हो सकता है कि चेन्नई का विकेट थोड़ा धीमा है। जब हम घरेलू मैदान से बाहर खेले हैं, तो हमारे बल्लेबाजों ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है।"

### बेहतर विकेटों पर खेलने की जरूरत

धोनी ने कहा, "शायद हमें ऐसे विकेटों पर खेलने की जरूरत है जो थोड़े बेहतर हों। इससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिलेगा। हम निर्भीक होकर खेलना चाहते हैं।" धोनी ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारियां बेहतर ढंग से निभाने की जरूरत है।

### जीतकर अच्छा लग रहा

धोनी ने कहा ," जीतकर अच्छा लग रहा है । बदकिस्मती से हम पिछले मैच नहीं जीत सके लेकिन इस जीत से आत्मविश्वास बढा है । यह कठिन मैच था और जीतने की खुशी है । उम्मीद है कि इससे टीम की लय बनेगी ।" धोनी ने कहा, पिछले मैचों में हम गेंदबाजी करते समय पहले छह ओवर में जूझ रहे थे लेकिन बीच के ओवरों में वापसी की ।

### बेहतर विकेटों पर बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे

हमें बल्लेबाजी ईकाई के तौर पर भी मनचाही शुरूआत नहीं मिल पा रही थी । शायद चेन्नई की विकेट के कारण । उम्मीद है कि बेहतर विकेटों पर हम आगे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, हमें पहले छह ओवरों में अधिक गेंदबाजों की जरूरत थी जिससे अश्विन पर पहले छह ओवरों में दो ओवर डालने का काफी दबाव बन रहा था । यही वजह है कि हमने गेंदबाजी में बदलाव किये ।

## खास खबर

### रोहित के खराब फॉर्म का असर मुंबई की रणनीति पर पड़ रहा




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा के खराब फॉर्म के कारण मुंबई इंडियंस टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में अभी तक लय नहीं पकड़ सकी है। मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित अब इस सत्र में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम में इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही खेल रहे हैं। उन्होंने पांच मैचों में 0, 8 , 13 , 17 और 18 स्कोर किया है। मुंबई ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया और टीम चार हार तथा दो जीत के साथ सातवें स्थान पर है।

### बिश्नोई ने ऋषभ पंत का बचाव किया

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई इस बात को लेकर निश्चित नहीं हैं कि अच्छे स्पैल के बावजूद उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने का मौका क्यों नहीं मिला, लेकिन उन्होंने अपने कप्तान ऋषभ पंत के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि एक कप्तान के रूप में उनके दिमाग में कुछ खास योजनाएं थीं। चेन्नई को जब 30 गेंद पर 56 रन की जरूरत थी तथा महेंद्र सिंह धोनी और शिवम दुबे खेल रहे थे तब पंत ने स्पिनर की बजाय तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करवाने का विकल्प चुना लेकिन उनका यह दाव नहीं चल पाया और धोनी ने 11 गेंद पर 26 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। बिश्नोई ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, "मेरी वास्तव में इसको लेकर उनसे (ऋषभ पंत) कोई बात नहीं हुई। मैं दो बार विकेट पर आया लेकिन शायद उनके दिमाग में कुछ और योजनाएं थी। शायद उनका नजरिया कुछ और था।"



### सुदीरमन कप फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे सिंधू और सेन



**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन चीन में 27 अप्रैल से चार मई तक होने वाले सुदीरमन कप बैडमिंटन फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे। अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर भारत ने इस प्रतिष्ठित मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई किया है । भारत को ग्रुप डी में पूर्व चैम्पियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और एक इंग्लिश टीम के साथ रखा गया है । भारत की 14 सदस्यीय टीम में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भी चोट से उबरकर वापसी हुई है । महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली फिटनेस कारणों से नहीं खेलेंगी । उनकी जगह प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा महिला युगल वर्ग में उतरेंगे । वहीं पुरूष युगल में सात्विक और चिराग के बैकअप के तौर पर हरिहरन ए और रूबेन कुमार को रखा गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने एक विज्ञप्ति में कहा ," चयनकर्ताओं ने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है । हम जीत के लिये एक या दो मुकाबलों पर निर्भर नहीं है । हमें यकीन है कि यह टीम पदक जीतकर इतिहास रचेगी ।"

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

**ऑरेंज कैप**



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

**पर्पल कैप**



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल: किंग्स 16 रन से जीते, कोलकाता को 111 रन नहीं बनाने दिए

# चहल के चार विकेट से पंजाब ने सबसे छोटे लक्ष्य का बचाव करने का रिकॉर्ड कायम किया

एजेंसी ⏭ मुल्लांपुर



युजवेंद्र चहल ने लय में वापसी करते हुए 28 रन पर चार विकेट लेकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 के कम स्कोर वाले मैच में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पंजाब किंग्स को 16 रन की यादगार जीत दिलायी। पंजाब किंग्स को 15.3 ओवर में 111 रनों पर रोकने के बाद, केकेआर सात ओवर में दो विकेट पर 60 रन बनाकर आसान जीत की ओर बढ़ रहा था लेकिन इसके बाद चहल ने केकेआर के मध्य क्रम को झकझोर कर पंजाब को रोमांचक जीत दिलाई। केकेआर की टीम 15.1 ओवर में 95 रनों पर ऑल आउट हो गई। पंजाब किंग्स ने इसके साथ ही आईपीएल में सबसे छोटे स्कोर का सफलता पूर्व बचाव करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले सबसे कम स्कोर का बचाव चेन्नई सुपर किंग्स ने 2009 में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 116 रन बनाकर किया था। पंजाब के लिए मार्को यानसेन ने भी तीन विकेट लिये जबकि अर्शदीप, जेवियर बार्टलेट और ग्लेन मैक्सवेल को एक-एक सफलता मिली। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 28 गेंद में 37 रन की पारी खेलने के साथ कप्तान अजिंक्य रहाणे (17) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने आखिरी सात विकेट 23 रन के अंदर गंवा दिये।

इससे पहले, पंजाब किंग्स बिना किसी नुकसान के 39 रन से 15.3 ओवर में 111 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें हर्षित राणा ने 25 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण ने दो-दो विकेट लिए।

### अपने मैदान पर जीत का स्वाद चखने राजस्थान के खिलाफ उतरेगी दिल्ली

**नई दिल्ली।** सत्र की शानदार शुरूआत के बाद अपने मैदान पर पहली हार झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स इस झटके को भुलाकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में फिर जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। लगातार चार मैच जीतने के बाद अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली टीम को रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस ने हराया। इस हार के बाद दिल्ली शीर्ष स्थान से खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स छह में से सिर्फ दो मैच जीतकर आठवें स्थान पर है। संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है । मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली के लिये घरेलू क्रिकेट के दिग्गज करूण नायर ने पदार्पण करते हुए 40 गेंद में 89 रन बनाये। एक समय दिल्ली का स्कोर 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन था लेकिन इसके बाद 74 रन के भीतर आखिरी नौ विकेट गंवा दिये । उसके तीन बल्लेबाज 19वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर रन आउट हुए और 12 रन से पराजय का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### एएसआईपी के अध्यक्ष होंगे प्रभाकरण

**नई दिल्ली।** खेल उद्योग पेशेवरों के संघ (एएसआईपी) ने मंगलवार को अपने संस्थापक प्रबंधन बोर्ड की घोषणा की और इसके अध्यक्ष अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के पूर्व महासचिव शाजी प्रभाकरण होंगे। नीरज झा मानद महासचिव होंगे और गोवा फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कैटानो जोस फर्नांडिस बोर्ड के सदस्यों में से होंगे । दिल्ली फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे शाजी ने इस साल संगठन की स्थापना की है। बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल दो साल का होगा । बोर्ड की पहली बैठक तीन मई को होगी।

### एटलेटिको ने खिताब की उम्मीद जीवंत रखी

**मैड्रिड।** जूलियन अल्वारेज़ के पेनल्टी पर किए गए दो गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड ने सोमवार को यहां वलाडोलिड को 4-2 से हरा दिया और इस तरह से स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा को जीतने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। एटलेटिको के इस जीत से 31 मैच में 63 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से सात अंक पीछे तीसरे स्थान पर है। बार्सिलोना के 31 मैच में 70 अंक है जबकि रियाल मैड्रिड 31 मैच में 66 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अल्वारेज़ ने 25वें और 74वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। एटलेटिको की तरफ से उनके अलावा गिउलिआनो शिमोन (27वें मिनट) और अलेक्जेंडर सोरलोथ (79वें) ने एक एक गोल किया।

### आईसीसी की बैठक में शामिल नहीं हुए नकवी

**कराची।** चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वार्षिक तिमाही बैठक में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी शामिल नहीं हुए। पाकिस्तान में निजी काम के कारण नकवी हाल की बैठकों के लिए हरारे नहीं जा सके। नकवी संघीय गृह मंत्री भी हैं जो केंद्र सरकार में एक महत्वपूर्ण पद है। अधिकारी ने कहा, "मोहसिन नकवी स्वदेश में काम के कारण नहीं जा सके और बोर्ड के सीईओ सुमेर अहमद आईसीसी की बैठकों में शामिल हुए।"

## क्रिकेट

### बांग्लादेश के साथ भारत मीरपुर में 4 व चटगांव में खेलेगा 2 मैच

**भारत का 2014 के बाद से पहला दौरा होगा**



एजेंसी ⏭ ढाका

भारत अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में चार और चटगांव में दो मैच खेलेगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को यह घोषणा की।

बांग्लादेश दौरे पर भारत तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। यह बांग्लादेश में भारत की पहली टी20 द्विपक्षीय श्रृंखला और 2014 के बाद सिर्फ सीमित ओवरों का पहला दौरा होगा। शुरुआती दो एकदिवसीय और आखिरी दो टी20 मीरपुर में खेले जाएंगे जबकि तीसरा एकदिवसीय और पहला टी20 चटगांव में होगा। भारत को 13 अगस्त को ढाका पहुंचना है। शुरुआती दो एकदिवसीय 17 और 20 अगस्त को खेले जाएंगे जिसके बाद टीम 23 अगस्त को तीसरा एकदिवसीय खेलने के लिए चटगांव जाएगी। चटगांव में ही पहला टी20 26 अगस्त को होगा। आखिरी दो टी20 29 और 31 अगस्त को मीरपुर में खेले जाएंगे।

यह दौरा एशिया कप टी20 की तैयारी में भी मदद करेगा। भारत इस टूर्नामेंट का मेजबान है लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह प्रतियोगिता पूरी तरह से श्रीलंका, बांग्लादेश या यूएई में आयोजित की जाएगी या नहीं क्योंकि दोनों देशों के बीच हुए समझौते के अनुसार पाकिस्तान भारत की यात्रा नहीं करेगा।

### जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** क्रिस जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस खेल संस्था ने राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन में उनकी दीर्घकालिक सेवा और महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए मंगलवार को इसकी घोषणा की। राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ केटी सैडलेयर के अनुसार, "राष्ट्रमंडल खेल के संविधान में मौजूदा अध्यक्ष के त्यागपत्र देने पर अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रावधान है और इसलिए डोनाल्ड रुकारे को इस साल नवंबर में अगली महासभा तक यह भूमिका सौंपी गई है।" जेनकिंस ने एक विज्ञप्ति में कहा, "खेलों को आगे बढ़ाने और विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को इससे जोड़ने के लिए मुझे जो अवसर दिए गए, उन पर मुझे विशेष रूप से गर्व है। मैं राष्ट्रमंडल खेल संघ के अपने सहयोगियों और दोस्तों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।"

### अय्यर बने आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**दुबई।** भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा।

### बीएफआई में खींचतान: अंतरिम समिति ने लिए अहम फैसले

**नई दिल्ली। (एजेंसी)** नवगठित अंतरिम समिति द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन और कोचों की नियुक्ति सहित अन्य प्रमुख निर्णयों की घोषणा के बीच मंगलवार को विभिन्न राज्य इकाइयों के सदस्यों के तत्काल चुनाव कराने की मांग से भारतीय मुक्केबाजी प्रशासन में खींचतान तेज हो गई। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के पदाधिकारियों का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था लेकिन कानूनी विवादों के कारण चुनाव में देरी हो रही है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने नवीनतम आदेश में खेल मंत्रालय के पर्यवेक्षक और निर्वाचन अधिकारी को मामले की अगली सुनवाई के लिए तय 28 अप्रैल से पहले नया चुनाव कार्यक्रम जारी करने का निर्देश दिया है।

**समिति के अंतिम सदस्या का नामांकन अभी बाकी** इस छह सदस्यीय समिति में बीएफआई के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निरवान, कार्यकारी निदेशक अरुण मलिक, ओलंपियन एल सरिता देवी और सिंगापुर मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष फैरुज मोहम्मद शामिल हैं। समिति के अंतिम सदस्य का नामांकन भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष द्वारा अभी किया जाना बाकी है।





हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
लेकर आए हैं
आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत सम्पत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी
दिनांक : 13 से 20 मई, 2025

| नीलामी की तिथि | साइटों का ब्यौरा | ज़ोन |
|---|---|---|
| 13 मई, 2025 (मंगलवार) | प्रेफरेंशियल सम्पत्तियां (आवासीय व व्यावसायिक) | सभी ज़ोन |
| 14 मई, 2025 (बुधवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | पंचकूला और हिसार ज़ोन |
| 15 मई, 2025 (गुरुवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | रोहतक और फरीदाबाद ज़ोन |
| 16 मई, 2025 (शुक्रवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | गुरुग्राम ज़ोन |
| 17 मई, 2025 (शनिवार) | नर्सिंग होम, क्लिनिक व सभी स्कूल की साइटें | सभी ज़ोन |
| 20 मई, 2025 (मंगलवार) | मेजर साइटें ( व्यावसायिक साईट, शॉपिंग मॉल, अस्पताल और संस्थागत साईट) और कंपोजिट साईट सेक्टर - 43, गुरुग्राम | सभी ज़ोन |

ई-नीलामी 2025-26 की कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों के आधार पर इस शर्त के साथ आयोजित की जाएगी कि यदि वर्ष 2025-26 के लिए कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों को संशोधित किया जाता है तो तत्पश्चात बोली राशि को आनुपातिक आधार पर संशोधित किया जाएगा और बिडर अंतर राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा।
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी।
EPABX - 0172-2567858, 2587185
हेल्पलाइन नंबर: 1800-180-3030

मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध।
*नियम एवं शर्तें लागू
*इस ई-नीलामी में कोई भी व्यक्ति, कंपनी व सोसाइटी/समिति भाग ले सकते हैं।
*यदि ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि के दिन बैंक अवकाश पड़ता है, तो उस स्थिति में, बैंक अवकाश से पूर्व पड़ने वाले बैंक कार्य दिवस को चालान द्वारा ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि माना जाएगा।

*ई-नीलामी में दर्शाई गई संपत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।
एच.एस.वी.पी. ई-ऑक्शन के पोर्टल के लिंक के लिए https://hsvphry.org.in पर जाएं
किसी भी जानकारी के लिए हमें ईमेल करें : eauctioncell.hsvp@gmail.com

मुख्य प्रशासक
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
सी-3, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6, पंचकूला 134 109, हरियाणा।
hsvphry.org.in. Hsvphry

स्थलों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी के नियम और शर्तें एच एस वी पी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
आने वाली ई-नीलामी की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं। https://hsvphry.org.in

## चिंतन

# न्यायपालिका में ढांचागत सुधार की तत्काल जरूरत

भारतीय न्यायपालिका कई तरह की ढांचागत समस्याओं से भी जूझ रही है। पिछले दिनों न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता प्रकट की थी। दिल्ली हाईकोर्ट के जज के आवास परिसर से मिले अधजले नोटों ने न्यायाधीश स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर ध्यान आकृष्ट किया। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नई बात नहीं है, आजादी के वक्त से है और कई रसूखदार लोगों के लिए इंसाफ बस सौदा रहा है। देश की न्यायपालिका इंसाफ सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत भी रहती है, ताकि आमजन का भरोसा अदालतों के प्रति कायम रहे, लेकिन इसमें न्यायिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी आड़े आ रही है। इंडिया जस्टिस सिस्टम की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश में प्रति दस लाख आबादी पर केवल 15 न्यायाधीश हैं, जो वर्ष 1987 के विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से बहुत दूर है। इस लिहाज से अगर देखें तो प्रति दस लाख लोगों पर देश में 35 जज कम हैं, जो काफी चिंताजनक है। भारतीय अदालतों में जजों की कमी, भवनों व चैंबरों की कमी, प्रशिक्षित कर्मियों की कमी और टेक्नोलॉजी अपनाने में देरी जैसी अनेक समस्याएं हैं, जिसके चलते विभिन्न अदालतों में पेंडिंग केसों की संख्या साढ़े चार करोड़ के पार हैं। इनमें 87.6 प्रतिशत मामले अधीनस्थ न्यायालयों और 12.3 प्रतिशत उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। न्याय पाने की समय सीमा इतनी लंबी हो जाती है कि लोगों की उम्मीद ही मर जाती है। अदालतों में भ्रष्टाचार इस स्थिति के चलते भी है। उच्च न्यायालयों में रिक्तियां कुल स्वीकृत पदों का 33 प्रतिशत थीं। रिपोर्ट में 2025 में 21 प्रतिशत रिक्तियों का दावा किया गया, जो मौजूदा न्यायाधीशों के लिए अधिक कार्यभार को दर्शाता है। राष्ट्रीय स्तर पर जिला न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश औसत कार्यभार 2,200 मामले हैं। इलाहाबाद और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश मुकदमों का बोझ 15,000 है। इंडिया जस्टिस सिस्टम की रिपोर्ट हमारी न्याय व्यवस्था की गंभीर तस्वीर उजागर करती है। कानूनी सहायता पर राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति व्यय 6.46 रुपये प्रति वर्ष है, जबकि न्यायपालिका पर राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति व्यय 182 रुपये है। कोई भी राज्य न्यायपालिका पर अपने कुल वार्षिक व्यय का एक प्रतिशत से अधिक खर्च नहीं करता है। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट सेंटर फॉर सोशल जस्टिस, कॉमन कॉज, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव और विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी जैसे कई संस्थानों के साथ मिलकर तैयार की गई है। पहल 2019 में टाटा संस ने की थी, तब से यह चौथी रिपोर्ट है। इसके पीछे मकसद भारत में न्याय की स्थिति का आंकलन है। अदालतों में महिलाओं की संख्या जरूर बढ़ी हैं, लेकिन एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय से जजों का प्रतिनिधित्व अपेक्षा से कम है। अभी विभिन्न अदालतों में स्वीकृत पदों में से छह हजार से अधिक न्यायाधीशों के पद खाली हैं। निचली अदालतों में 5748 जजों के पद खाली हैं, जो कुल स्वीकृत पदों का लगभग 21 प्रतिशत हैं। वर्ष 2010 और वर्ष 2020 के बीच सभी न्यायालयों में लंबित मामलों में 2.8 फीसदी की दर से वार्षिक बढ़ोतरी हुई। उच्च न्यायालयों में 21 फीसदी मामले 10 वर्षों से, और अधीनस्थ न्यायालयों में 23 प्रतिशत मामले पांच वर्षों से लंबित हैं। ट्रिब्यूनल्स और विशेष अदालतों में भी लंबित मामले और रिक्तियां बहुत अधिक हैं। आज जरूरत न्यायपालिका में ढांचागत सुधार की है, रिक्तियों को भरने की है, जनसंख्या व जजों के अनुपात को आदर्श बनाने की है।



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

# कांग्रेस में प्रतिबद्धता भी आवश्यक

राहुल गांधी से कांग्रेस के कायाकल्प की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन एक दशक से भी अधिक समय से वह वैसा करने का साहस नहीं जुटा पाये हैं, जबकि इसी अवधि में भाजपा पूरी तरह बदल चुकी है। पिछले दशक के शुरू में चर्चित 'टीम राहुल' इस बीच बिखरती गयी है तो पार्टी की दुर्गति के लिए जिम्मेदार कांग्रेसियों को बाहर का रास्ता दिखाने के बजाय राहुल ने खुद अध्यक्ष पद छोड़ दिया। मोदी सरकार का यह तीसरा कार्यकाल है। सत्ता विरोधी भावना की वास्तविकता से कोई भी सरकार या दल अनिश्चितकाल तक नहीं बच सकता, पर क्या कांग्रेस बेहतर विकल्प होने का वैसा विश्वास जनता में जगा सकती है, जैसा 2013– 2014 में भाजपा जगाने में सफल रही?

नरेंद्र मोदी की भाजपा को उनके गृह राज्य गुजरात में ही हराकर अपने पुनरुत्थान के साहसिक सपने के साथ अहमदाबाद में कांग्रेस का अधिवेशन तो हो गया, पर असली चुनौतियां आंतरिक हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में ही मोदी की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी। विकास के गुजरात मॉडल के सहारे ही, दस साल बाद, 2014 में भाजपा ने केंद्रीय सत्ता में जोरदार वापसी की। गुजरात को भाजपा की हिंदुत्ववादी राजनीति की प्रयोगशाला भी माना जाता है, जहां उसे तीन दशक से कांग्रेस सत्ता से हिला तक नहीं पायी है। सच यह भी है कि दशकों तक गुजरात पर शासन करने वाली कांग्रेस का ग्राफ वहां लगातार गिरता गया है। पिछले तीन दशकों में कांग्रेस सिर्फ 2017 में ही भाजपा को चुनौती देती दिखी, जब उसने 182 सदस्यीय विधानसभा में 77 सीटें जीत लीं, पर 2022 के चुनाव में वह 17 सीटों पर लुढ़क गयी।

बेशक उस शर्मनाक प्रदर्शन में निर्णायक भूमिका आम आदमी पार्टी की रही, जिसने सीटें तो पांच ही जीतीं, पर 14 प्रतिशत वोट लेकर कांग्रेस को पस्त कर दिया। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बैनर तले डेढ़ साल की दोस्ती के बाद कांग्रेस-आप फिर आमने-सामने हैं। ऐसे में नरेंद्र मोदी-अमित शाह की भाजपा से 2027 के चुनाव में कांग्रेस गुजरात की सत्ता कैसे छीन पायेगी? गुजरात में कांग्रेस की कमान राहुल गांधी के विश्वस्त शक्ति सिंह गोहिल के हाथों में है, लेकिन हार्दिक पटेल और अल्पेश ठाकोर जैसे युवा नेता भी भाजपाई बन गये, जिनके सहारे कांग्रेस अपने पुनरुत्थान की आस लगा रही थी।

बेशक दिल्ली में आप की हार और भाजपा की जीत बताती है कि चुनाव में कुछ भी हो सकता है, लेकिन उसके लिए जरूरी तैयारी और ताकत तो चाहिए। कह सकते हैं कि चुनावी तैयारियों के लिए ढाई साल का समय कम नहीं होता, लेकिन जमीन पर तैयारियों के लिए सशक्त और सक्रिय संगठन भी चाहिए। राहुल गांधी खुद कह चुके हैं कि कुछ कांग्रेसी, भाजपा से मिले हुए हैं। ऐसे कांग्रेसियों के सहारे तो चुनावी समर नहीं जीता जा सकता। संभव है, भाजपा से मिले हुए कांग्रेसियों की राहुल ने पहचान भी कर ली हो, पर जानकारों के मुताबिक वे हर स्तर पर हैं और उनकी संख्या इतनी ज्यादा है कि बाहर निकाल दिये जाने पर पार्टी ही सिकुड़ सकती है। बेशक ऐसे आंतरिक दुश्मनों से निजात जरूरी है, पर 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद से लगातार पराभव झेल रही कांग्रेस उन्हें अभी तक बर्दाश्त क्यों कर रही है? इस बुरे वक्त में न सिर्फ आलाकमान के करीबी रहे बड़े-बड़े नेता कांग्रेस से किनारा कर गये, बल्कि खुद राहुल गांधी की टीम के तमाम सदस्यों ने भी 'हाथ' झटक कर 'कमल' थाम लिया। सत्ता का साथ उनकी फितरत भी रही होगी, पर क्या सही और गलत नेताओं में फर्क न कर पाने के लिए खुद कांग्रेस आलाकमान भी जिम्मेदार नहीं? 2014 के लोकसभा चुनाव में अपने इतिहास का सबसे शर्मनाक प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस के पास गंवाने के लिए कुछ भी नहीं बचा था। तभी राहुल गांधी ने कांग्रेस के शुद्धिकरण का साहस क्यों नहीं दिखाया? चुनाव-दर-चुनाव कांग्रेस हारती रही।

नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए राहुल गांधी ने राष्ट्रीय



अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर गांधी परिवार के बाहर से नया अध्यक्ष बनाने की जिद भी पूरी कर ली, लेकिन क्या पूरे देश में किसी और कांग्रेसी नेता ने चुनावी हार की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दिया?

जीत की गारंटी लेते हुए संगठन और टिकट वितरण में क्षत्रप मनमानी तो करते हैं, लेकिन हार जाने पर तमाम कारण गिनाने लगते हैं। बेशक जीत का सेहरा राष्ट्रीय नेतृत्व को पहनाने और हार का ठीकरा प्रदेश नेतृत्व के सिर फोड़ने की चाटुकार-संस्कृति सभी दलों में है, लेकिन इससे संगठनात्मक विकृतियां लंबे समय में नासूर बन जाती हैं। कांग्रेस के साथ वैसा ही हुआ है। साफ कहें तो गुजरात समेत पूरे देश में ही कांग्रेस में व्याप्त बीमारियों का वास्तविक उपचार दवाइयों के बजाय बड़े ऑपरेशन से ही संभव है, पर राहुल गांधी उसका साहस जुटाते फिलहाल नजर नहीं आते। शायद राहुल ने कांग्रेस के इतिहास से भी सही सबक नहीं सीखा। सत्ता और संगठन पर काबिज पुराने नेता नयी पीढ़ी को आगे नहीं आने देते। जब स्वाभाविक रूप से पीढ़ीगत परिवर्तन होता है, तब भी वे अपने परिजनों को ही बढ़ाते हैं, जो संगठन से सत्ता तक पर अपना उत्तराधिकार मानते हैं। इसीलिए कमान संभालने के बाद सफलता के लिए इंदिरा गांधी को भी पुराने मठाधीशों की सिंडीकेट से मुक्ति पा कर नयी कांग्रेस बनानी पड़ी थी। राजीव गांधी को देश और कांग्रेस की कमान अप्रत्याशित परिस्थितियों में संभालनी पड़ी थी, लेकिन 'सत्ता के दलालों' का जिक्र करते हुए उन्हें भी राज्यों से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कांग्रेस में नया नेतृत्व उभारने का साहस दिखाना पड़ा। सोनिया गांधी ने अपना अध्यक्ष काल कई कारणों से कमोबेश राजीव के समकालीनों के सहारे ही चलाया।

राहुल गांधी से कांग्रेस के कायाकल्प की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन एक दशक से भी अधिक समय से वह वैसा करने का साहस नहीं जुटा पाये हैं, जबकि इसी अवधि में भाजपा पूरी तरह बदल चुकी है। पिछले दशक के शुरू में चर्चित 'टीम राहुल' इस बीच बिखरती गयी है तो पार्टी की दुर्गति के लिए जिम्मेदार कांग्रेसियों को बाहर का रास्ता दिखाने के बजाय राहुल ने खुद अध्यक्ष पद छोड़ दिया। मोदी सरकार का यह तीसरा कार्यकाल है। सत्ता विरोधी भावना की वास्तविकता से कोई भी सरकार या दल अनिश्चितकाल तक नहीं बच सकता, पर क्या कांग्रेस बेहतर विकल्प होने का वैसा विश्वास जनता में जगा सकती है, जैसा 2013- 2014 में भाजपा जगाने में सफल रही? कांग्रेस की गलतियों को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए पार्टी को सामाजिक न्याय के धर्मनिरपेक्ष एजेंडा पर लौटाने की कोशिश निश्चय ही राहुल गांधी के साहस की परिचायक है, लेकिन कांग्रेसी ही बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दों पर उनके साथ खड़े नजर नहीं आते।

क्या वे राहुल के एजेंडा से सहमत नहीं हैं या फिर उनके निहित स्वार्थ आड़े आ रहे हैं? कारण जो भी हो, निराकरण पार्टी पर दशकों से काबिज नाकाम मठाधीशों से मुक्ति में ही निहित है। नेतृत्व राजनीतिक और चुनावी एजेंडा तय कर सकता है, लेकिन उसे जनता के बीच ले जाकर चुनाव जीतने का काम सशक्त और सक्रिय संगठन के बिना संभव नहीं। इसलिए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरुद्ध अपने बहु प्रचारित वैचारिक संघर्ष में राहुल गांधी तब तक नहीं जीत पायेंगे, जब तक कि वह उस विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध कांग्रेस नहीं बना लेते। राहुल गांधी को क्षेत्रीय दलों से रिश्तों की बाबत भी स्पष्ट रणनीति बनानी होगी, जिनका राज्य की राजनीति में तो कांग्रेस से टकराव है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से जिनका विरोध असंदिग्ध है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दक्षिण
विवेक शुक्ला



# अब तमिलनाडु में किला फतह चाहती है भाजपा

दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में अपनी ठोस उपस्थिति दर्ज करना चुकी भारतीय जनता पार्टी अब तमिलनाडु में भगवा झंडा फहराने का निश्चय कर चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता का स्वाद चख चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है, जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद हुंकार नहीं भर पा रही है। भाजपा के लिए यह चिंता के साथ चिंतन का भी विषय रहा है और इसी प्रक्रिया का एक हिस्सा एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा भी है। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन नया नहीं है। 1998 में ही भाजपा ने इस पार्टी के साथ गठबंधन की नींव डाल दी थी। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने का श्रेय एआईडीएमके को जाता है। जे जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा,तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके का नजदीकी संबंध बना रहा। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। भाजपा ने राज्य में अपना आधार बढ़ाने के लिए एकला चलो रे की नीति अपनाई और तेज तर्रार पूर्व आईपीएस अन्नामलाई को नेतृत्व सौंप दिया। अन्नामलाई ने डीएमके के साथ-साथ एआईडीएमके को भी निशाने पर लिया और राज्य भर में दौरा किया। नतीजा यह हुआ कि 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एआईडीएमके ने एनडीए को बाय-बाय कह दिया और कुछ साथियों को लेकर चुनाव में उतर आए। नतीजा न भाजपा के पक्ष में आया और न ही एआईडीएमके के पक्ष में। डीएमके ने पूरी मलाई खा ली। भाजपा के साथ-साथ एआईडीएमके को भी यह आभास हो गया कि 46 प्रतिशत वोट शेयर के साथ सत्ता में आई डीएमके को अगले साल होने वाले विधान सभा चुनाव में हराने के लिए 11 प्रतिशत वोट शेयर रखने वाली बीजेपी को साथ लेना आवश्यक है। यहां भूमिका अमित शाह की आनी ही थी, वह दो दिन के लिए चेन्नई गए और फिर गठबंधन की घोषणा कर के ही लौटे। इसके पहले भी अमित शाह कई राजनीतिक संभावनाओं को संभव बना चुके हैं। त्रिपुरा, बंगाल और उड़ीसा के बाद अब भाजपा के लिए केरल और तमिलनाडु ही दो ऐसे प्रदेश बचे हैं, जहां बड़े कैनवास पर कमल खिलाना बाकी है। अगले साल तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है, उसमें तमिल प्राइड और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है, लेकिन एजेंडा, हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन के बनाए जा रहे हैं। मोदी और अमित शाह को घोर सांप्रदायिक और फेडरल स्ट्रक्चर को बिगाड़ने वाले नेता के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। सामान्य शिष्टाचार है कि राज्य में प्रधानमंत्री के दौरे के समय मुख्यमंत्री आगवानी करते हैं, लेकिन हाल ही में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के दौरे पर गए थे, तो जानबूझ कर मुख्यमंत्री स्टालिन गायब हो गए। जाहिर है कि डीएमके भाजपा विरोध के बजाय केंद्र से टकराव की राजनीति को आगे रखकर चुनाव लड़ना चाहती है। बीजेपी के लिए यह दोहरी चुनौती है। सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका में लगातार अपनी पैठ बढ़ा रहा है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर खिलाफत करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है। भाजपा, तमिलनाडु में होने वाले हर लोकसभा या विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेती रही है, लेकिन बड़ी सफलता अभी तक नहीं मिली है। भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लडाई भी लड़ी जानी है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते है। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं। वह एआईडीएमके के साथ अभी से कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बना कर चलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है, तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सोया हुआ अमुनि और जागा हुआ मुनि



संकलित
दर्शन

अध्यात्म की नजर में सिर्फ जागा हुआ मनुष्य ही धर्मिक मनुष्य होता है, क्योंकि धर्म की परिभाषा में अपने प्रति सोया हुआ 'अमुनि' है और अपने प्रति असोया हुआ (जागा हुआ) 'मुनि' है। अब मनुष्य के समक्ष धर्म का सबसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यही है, सबसे महत्त्वपूर्ण जिज्ञासा यही है कि नींद में हम आपस में धर्म के नाम पर लड़ाई-झगड़े करते आ रहे है और एक-दूसरे और धार्मिक ग्रंथों को अपमानित करने से भी बाज नहीं आते। हम समझते हैं हम धर्म का काम कर रहे हैं, हम धर्म का झंडा ऊंचा कर रहे हैं। जागा हुआ इनसान यह जान जाता है कि 'मैं कौन हूं, क्या हूं।' वह जान जाता है कि मैं इनसान हूं, हिंदू, मुस्लिम, सिख या ईसाई नहीं हूं। जब इनसान इनसान बनकर जीता है, तो धर्म के नाम पर सभी झगड़े समाप्त हो जाते हैं। यही जागरण है और यही इसकी क्रांति है। अब सवाल पैदा होता है कि अगर हम सोए हुए हैं, तो हमारी तंद्रा (निद्रा) कैसे मिट सकती है, हम सपनों के बाहर कैसे हो सकते हैं, अज्ञानता से बंद हुई हमारी आंख कैसे खुल सकती है? महात्मा फरमाते हैं कि अगर सोए हुए मनुष्य को सही मायनों में जागना है, तो उसे एक निर्णय अपने हृदय में लेना जरूरी है कि ये सोया हुआ है, क्योंकि जब तक मनुष्य यह स्वीकार करने को राजी नहीं हो जाता कि ये वास्तविकता में सोया है, तब तक ये जागने की दिशा में कोई कदम नहीं रख सकता और जागने की दिशा का पहला सूत्र है कि मनुष्य अनुभव करे कि ये वाकई सोया हुआ है। अब अनुभव करने के लिए हमारा सारा जीवन प्रमाण है।

# जैसी होती है संगत, वैसी बहती जीवन की धारा




संकलित
प्रेरणा

हमारा जीवन कैसा है? पानी जैसा। जिसमें डालोगे वैसा हो जाता है। सत्संग में डालते हो, तो सत्संग में, उस ऊर्जा में, तुम वैसे हो जाते हो। जिस संगत में होते हो, वैसे तुम्हारी जीवन धारा बहने लगती है। जहां पर भी मन डालते हैं, वो उस रूप को ले लेता है। इसलिए भी सत्संग बहुत आवश्यक है। हो रहा है न? जब सत्संग में बैठते हैं तो पूरी आपकी जो चेतना है, बदल जाती है कि नहीं? सकारात्मक हो जाते हो उत्साह, स्फूर्ति, भक्ति। भक्ति के वातावरण में डालते हो तो भक्तिमय हो जाते हो तुम। लोभ और लालच उसमें डालोगे तो वैसे ही लोभ, लालच पकड़ लेगा दिमाग को। फिर वही सोचता रहेगा अरे, उसने इतना कमाया, इसने इतना किया, मैं इतना करूं। लोभ में, लालच में फिर मन आ जाता है। फिर तुम चुगली में लगाओगे, तो फिर चुगली भी होने लगेगी। जिसमें डालो मन, क्रोध में डालो, तो क्रोधित रहोगे। इतना क्रोध मन में बना रहेगा। कोई छोटी-मोटी बातों को लेकर क्रोधित रह सकता है। जिंदगी भर हम ऐसे रह सकते हैं। चिंता की झोली में डालेगे तो चिंतित ही रहोगे। ये नहीं, वो नहीं, दूसरा, तीसरा, चौथा, पांचवां। सो, चिंता में डालोगे तो चिंता। शोक में डालोगे तो शोक। कोई भी कारण न हो, तो हम ढूंढ ही लेते हैं कुछ न कुछ कारण दुखी रहने का। तो उस में डाल दो तो वो वैसा। और सिर्फ ऐश ही की आदत है तो अय्याशी करने की तो, अय्याशी में मन डालोगे तो वैसे ही, अय्याशी में ही दिन रात बीत जाएगी।

## अंतर्मन

नेशनल हेराल्ड केस में ईडी का एक्शन, राहुल–सोनिया के खिलाफ चार्जशीट दाखिल




## आज की पाती

### सड़क पर बाजार

राजधानी की सड़कों पर बाजार से यातायात बाधित हो रहा है। आधी सड़क पर दुकानदारों का कब्जा होता है। ऐसे में वाहनों को आने-जाने में दिक्कत होती है और लंबी कतारें लग जाती हैं। संतोषी नगर अंडरब्रिज से मोतीनगर तक दोनों ओर दुकानदार सड़क पर सामान रख देते हैं। नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी औपचारिकता पूरी करते हैं। थोड़े दिनों बाद रास्ता ज्यों का त्यों हो जाता है।

*-शाहीन बेगम, रायपुर*

## ट्रेंड

### स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र बदलाव



हमारी सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में काफी बदलाव किए हैं। मेडिकल कॉलेजों और मेडिकल सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि तक, हर कदम सभी के लिए सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### 'पंक्चर' हो गई कांग्रेस



इतिहास 'गवाह' है कि दशकों तक मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करते-करते कांग्रेस खुद 'पंक्चर' हो गई है। इस कड़वी सच्चाई के बावजूद वह अभी भी ज़मीनी हक़ीक़त से कोसों दूर है। सच यह भी है कि क्षेत्रीय दलों की बैसाखियों पर घिसटने के अलावा उसके सामने कोई दूसरा रास्ता ही नहीं है।

-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### बिहार को मुक्ति मिलेगी



आने वाले चुनाव में बिहार की जनता को हम एक सशक्त, सकारात्मक, न्यायप्रिय व कल्याणकारी विकल्प देंगे। भाजपा और उसके अवसरवादी ठगबंधन से बिहार को मुक्ति मिलेगी। सभी वर्ग के लोग महागठबंधन की सरकार चाहते हैं।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### जुनून की कोशिश करो



जब आप किसी चीज़ के प्रति वास्तव में भावुक नहीं होते हैं, तब हर सांसारिक समस्या एक दानव बन जाती है, जुनून की कोशिश करो। समर्पित रहो और देखो कि ब्रह्मांड तुम्हारे प्रति कैसी प्रतिक्रिया करता है।

- शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर


# अमेरिकी मौसम एजेंसी को वित्त कटौती से भारत पर होगा प्रभाव



अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओसिएनिक एंड एटमोस्फेरिक एडमिनस्ट्रेशन' (एनओएए) की वित्तीय मदद में कटौती संबंधी अमेरिका सरकार का फैसला भारत की मौसम निगरानी एवं पूर्वानुमान क्षमताओं को प्रभावित नहीं करेगा, बल्कि इसका दीर्घावधि में असर देखने को मिल सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनओएए जलवायु, मौसम, महासागरों और तटों में होने वाले बदलावों की निगरानी और पूर्वानुमान व्यक्त करती है। यह भारत सहित कई देशों के साथ इस डेटा को साझा करती है, जिससे उन्हें अपने मौसम पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार करने में मदद मिलती है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत की मौसम पूर्वानुमान क्षमता फिलहाल अप्रभावित रहेगी, लेकिन बाद में इसके परिणाम देखने को मिल सकते हैं। उन्होंने कहा, वे निगरानी प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, विशेष रूप से महासागर में चाहे वह हिंद महासागर हो या प्रशांत महासागर। यदि इसमें कमी की जाती है, तो हमारे मौसम पूर्वानुमान पर प्रभाव पड़ेगा।

## ऑफ बीट

# महर्षि मार्कंडेय के तप के आगे यमराज हुए बेबस



मार्कंडेय मंदिर बिलासपुर से 20 किमी. की दूरी पर स्थित है। मंदिर के ऊपर व्यास गुफा है। मंदिर को ऋषि मार्कंडेय का जन्म स्थान भी माना जाता है। पौराणिक गाथा के अनुसार मृकंडु ऋषि की घोर तपस्या के बाद भगवान शिव ने पुत्र रत्न का वरदान दिया। लेकिन वरदान के साथ उन्होंने पुत्र के अल्पायु होने का भी जिक्र कर दिया। ज्यों–ज्यों पुत्र की आयु बढ़ती गई, पिता चिंताग्रस्त रहने लगे। बालक मार्कंडेय कुशाग्र बुद्धि होने के साथ पितृभक्त भी थे। उन्होंने अपने पिता के मन को कुरेद कर चिंता का कारण जान लिया तथा इस चिंता से मुक्ति के लिए भगवान शिव की तपस्या आरंभ की। जब उनकी आयु 12 वर्ष होने में केवल तीन दिन शेष रह गए, तो उन्होंने रेत का शिवलिंग बनाया और शिव की तपस्या में लीन हो गए। यमदूत उनके प्राण हरण करने के लिए आए, लेकिन उस शिवलिंग में से आग की लपटें निकलीं व यमदूतों की ओर बढने लगीं। हारकर यमराज को सारा हाल सुनाया। स्वयं यमराज जब वहां आए तो मार्कंडेय जी ने शिवलिंग को बांहों में पकड़ लिया। शिवलिंग में से शिव प्रकट हुए तथा उन्होंने यमराज को वापस यमपुरी जाने का आदेश दिया। उस स्थान पर पानी का झरना फूट पड़ा, जिसे आज मार्कंडेय तीर्थ के नाम से जाना जाता है।


हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री खाचरियावास समेत अन्य के कई परिसर पर ईडी की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 48,000 करोड़ रुपये के पीएसीएल पोंजी धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को यहां कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास तथा कुछ अन्य के कई परिसर पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ईडी द्वारा खाचरियावास के जयपुर स्थित घर और एक अन्य व्यक्ति कुलवंत सिंह के घर समेत करीब 15 परिसर की तलाशी ली जी रही है। ईडी के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक सुरक्षा टीम तैनात की गई है। उल्लेखनीय है कि 55 वर्षीय कांग्रेस नेता खाचरियावास, पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में परिवहन, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री रह चुके हैं। वे सिविल लाइंस (जयपुर) सीट से विधायक रहे हैं। वे पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत के भतीजे हैं। यहां अपने पैतृक घर के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में खाचरियावास ने कहा कि ईडी की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है, क्योंकि वह (राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार) के खिलाफ बोलते रहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह ईडी से डरते नहीं हैं। धन शोधन मामले की जांच वर्ष 2015 में शुरू की गई। यह मामला पीएसीएल इंडिया लिमिटेड, पीजीएफ लिमिटेड, पीएसीएल के दिवंगत प्रवर्तक निर्मल सिंह भंगू और अन्य के खिलाफ निवेशकों को धोखा देने के लिए धोखाधड़ीपूर्ण निवेश योजनाएं चलाने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है।

### 48,000 करोड़ रुपये का धोखा



ईडी के अनुसार, इन योजनाओं के माध्यम से, पीएसीएल और उसके निदेशकों ने निवेशकों को लगभग 48,000 करोड़ रुपये का ₹धोखा₹ दिया। सूत्रों ने दावा किया कि कथित ₹अपराध की आय के खाचरियावास से जुड़ी संस्थाओं सहित अन्य संस्थाओं को प्राप्त होने का संदेह है।

### समर्थकों ने आवास के बाहर लगाए नारे

ईडी की छापेमारी की खबर सामने आने पर खाचरियावास के समर्थक उनके आवास के बाहर एकत्र हो गए और नारे लगाने लगे। खाचरियावास ने संवाददाताओं से कहा, "वे परिसर की तलाशी के लिए नोटिस लेकर आए हैं। उन्होंने किसी कंपनी से संबंधित नोटिस नहीं दिया है। देश में कहीं भी परिसर की तलाशी ली जा सकती है, यह उनका अधिकार है। मैं न तो डरता हूं और न ही घबराता हूं। उन्होंने कहा, अगर कोई मुद्दा है, तो मैं जवाब दूंगा। मेरी ओर से छह वकील हैं। ईडी ने इस मामले में मार्च में भंगू की बेटी बरिंदर कौर, उसके पति हरसतिंदर पाल सिंह हेयर और उसके करीबी सहयोगी मनोज कुमार के खिलाफ छापेमारी की थी।

**सिविल लाइंस सीट से विधायक रहे हैं खाचरियावास**

बोले, मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है और मैं ईडी से नहीं डरता हूं।



**706 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की**

भंगू की पिछले साल अगस्त में मौत हो गई थी। एजेंसी ने ऑस्ट्रेलिया में 462 करोड़ रुपये की दो अचल संपत्तियों सहित 706 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है और पीएसीएल, भंगू और अन्य के खिलाफ दो आरोपपत्र दायर किए हैं। खाचरियावास ने दावा किया कि ईडी उन्हें डराने के लिए उनके घर की तलाशी लेने आई थी।

### ईडी ने सहारा समूह के धनशोधन मामले की जांच के तहत लोनावाला में 'एंबी वैली' को कुर्क किया

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने सहारा समूह के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत महाराष्ट्र के लोनावाला में 707 एकड़ भूमि में फैली 'एंबी वैली सिटी' को कुर्क कर लिया है, जिसकी कीमत 1,460 करोड़ रुपये है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि यह भूमि सहारा समूह की संस्थाओं से प्राप्त धनराशि से "बेनामी" नामों से खरीदी गई थी। एजेंसी ने कहा कि सहारा इंडिया और उसकी समूह संस्थाओं के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत लोनावाला (पुणे जिला) स्थित 'एंबी वैली सिटी' और उसके आसपास की कुल 707 एकड़ जमीन को कुर्क कर लिया गया है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 1460 करोड़ रुपये है।

## खबर संक्षेप

### सलमान को धमकी देने वाला मानसिक रोगी



**नई दिल्ली।** सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स गुजरात के वडोदरा जिले के वाघोडिया तालुका का निवासी निकला है। वह मानसिक रोगी है और उसे पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है। एफआईआर दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने उस शख्स को वडोदरा से खोज निकाला है। उसका का नाम मयंक पांड्या है।

### समय और इलाहाबादिया ने दर्ज कराए बयान



**मुंबई।** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना मंगलवार को 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में महाराष्ट्र साइबर पुलिस के सामने पेश हुए। दोनों पूछताछ के सिलसिले में पहुंचे। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने इलाहाबादिया और रैना के खिलाफ तीन समन जारी कर उन्हें मुंबई में जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने को कहा था।

### पूजा खेडकर को 21 अप्रैल तक गिरफ्तारी से राहत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी एवं गलत तरीके से ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और दिव्यांग श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ उठाने की आरोपी, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से दी गई सुरक्षा को मंगलवार को 21 अप्रैल तक बढ़ा दिया।

### हज यात्रियों का बढ़ाया गया भारत का 'कोटा'

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने हज यात्रा 2025 के लिए हज कोटा बढ़ाए जाने की घोषणा की है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी शेयर किया है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने बताया कि सरकार के हस्तक्षेप के कारण, सऊदी हज मंत्रालय ने मीना में वर्तमान उपलब्धता के आधार पर 10,000 तीर्थयात्रियों को समायोजित करने के लिए सीएचजीओ के लिए हज (नुसुक) पोर्टल को फिर से खोलने पर सहमति व्यक्त की है।

### 15 दिनों में नई टोल नीति का ऐलान : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि मुंबई-गोवा हाईवे का निर्माण कार्य जून तक पूरा हो जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं अभी ज्यादा नहीं कहूंगा, लेकिन अगले 15 दिनों में नई टोल नीति का ऐलान होगा और उसके बाद किसी को टोल को लेकर कोई शिकायत नहीं रहेगी। गडकरी ने दोहराया कि जल्द ही पूरे देश से फिजिकल टोल बूथ हटाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार एक नई टोल नीति पर काम कर रही है, जिसे जल्द लागू किया जाएगा।

### वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शन की जांच में बांग्लादेशी घुसपैठ का जिक्र

# मुर्शिदाबाद हिंसा में बाप-बेटे की हत्या के आरोपी गिरफ्तार

वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए



*एक आरोपी बीरभूम और दूसरा बांग्लादेश बॉर्डर से पकड़ा गया है। इनके नाम कालू नदाब और दिलदार नदाब हैं। इन दोनों ने हरगोबिंद दास और चंदन दास की हत्या की थी।*

**हिंसा में 3 लोगों की मौत हुई। 15 पुलिसकर्मी घायल हुए। 300 से ज्यादा गिरफ्तार**

**केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं।**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता


वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में 10-12 अप्रैल के बीच हुई हिंसा में पिता-पुत्र की हत्या करने वाले 2 आरोपी पकड़ लिए गए हैं। एक आरोपी बीरभूम और दूसरा बांग्लादेश बॉर्डर से पकड़ा गया है। इनके नाम कालू नदाब और दिलदार नदाब हैं। इन दोनों ने हरगोबिंद दास और चंदन दास की हत्या की थी। इधर, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिंसा से जुड़ी शुरुआती जांच रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंप दी गई है। इसमें बांग्लादेश से घुसपैठ और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही का जिक्र है। वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। गाड़ियां जलाईं, दुकानों-घरों में तोड़फोड़ कर लूट भी की गई। 3 लोगों की मौत हुई। 15 पुलिसकर्मी घायल हुए। 300 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। इनमें 300 बीएसएफ जवान हैं।

**हिंसा से जुड़ी शुरुआती जांच रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपी**



### टीएमसी का आरोप, हिंसा के पीछे भाजपा का हाथ

*तृणमूल कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद कुणाल घोष ने मुर्शिदाबाद हिंसा के पीछे भाजपा और दूसरी राजनीतिक पार्टियों के होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- हमें इनपुट मिले हैं कि हिंसा की घटनाओं के पीछे एक बड़ी साजिश थी। केंद्रीय एजेंसियां, बीएसएफ और कुछ राजनीतिक दलों का एक सेक्शन इस साजिश में शामिल था। बीएसएफ ने मदद करके उपद्रवियों को राज्य का बॉर्डर पार करवाया। कुछ उपद्रवी मुर्शिदाबाद के इलाके में घुसे, अराजकता फैलाई और बीएसएफ ने उन्हें वापस जाने में भी मदद की। घोष ने आगे कहा- भाजपा ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में दूसरे राज्यों की तस्वीरों का इस्तेमाल करके उसे मुर्शिदाबाद का बताया। बीएसएफ की मदद से बंगाल को बदनाम करने की साजिश है।*



### हालात हुए सामान्य

*मुर्शिदाबाद में हिंसा के 4 दिन बाद हालात सामान्य हो गए हैं। प्रशासन ने कहा- हिंसा वाले शहर धुलियान में स्थिति नियंत्रण में है। लोग अब धीरे-धीरे काम पर लौट रहे हैं। धुलियान से पलायन कर चुके 500 से ज्यादा लोग अब वापस आ रहे हैं। हिंसा प्रभावित शमशेरगंज के एक निवासी हबीब-उर-रहमान ने कहा- बीएसएफ और सीआरपीएफ की तैनाती के बाद माहौल शांत है। प्रशासन ने हमसे दुकान खोलने और अनुशासन बनाए रखने को कहा है। कई लोगों ने बीएसएफ की स्थायी तैनाती की मांग भी की है। उनका कहना है कि अगर बीएसएफ हटी तो फिर से हालात खराब हो सकते हैं। एक दुकानदार ने कहा- मेरी पूरी बिल्डिंग तोड़ दी गई। दरवाजे-खिड़कियों से लोग अंदर घुसे और पूरा सामान लूट लिया।*

**सुप्रीम कोर्ट में 22 से ज्यादा याचिकाएं दाखिल, 10 लिस्ट हुईं**

सुप्रीम कोर्ट में नए वक्फ कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली 22 से ज्यादा याचिकाएं दाखिल की गई हैं। इनमें से 10 याचिकाएं सुनवाई के लिए लिस्ट की गई हैं। सीजेआई संजीव खन्ना वाली 3 सदस्यीय बेंच 16 अप्रैल को इन पर सुनवाई करेगी। याचिका दाखिल करने वालों में पॉलिटिकल पार्टी, नेता, सांसद, निजी और संगठन शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें केंद्रीय बल की तैनाती और हिंसा की जांच एनआईए से कराने की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने 12 अप्रैल को हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश दिए थे।

### मुर्शिदाबाद हिंसा पर बोले मुख्यमंत्री

# दंगाइयों का एकमात्र इलाज 'डंडा' : योगी आदित्यनाथ



एजेंसी ▶▶ हरदोई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जारी हिंसा पर मंगलवार को कहा कि दंगाइयों का इलाज सिर्फ 'डंडा' है और 'डंडे' के बिना वे नहीं मानेंगे। योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि बंगाल जल रहा है लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुप्पी साधे हुए हैं और दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन दंगाइयों का इलाज 'डंडा' है और 'डंडे' के बिना वे नहीं मानेंगे। योगी ने कहा, "लातों के भूत बातों से कहा मानने वाले हैं?" उन्होंने मंगलवार को हरदोई में 650 करोड़ रुपये की 729 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा, "आप देख रहे हैं कि बंगाल जल रहा है, उस राज्य की मुख्यमंत्री चुप हैं और 'दंगाइयों को शांतिदूत' कहती हैं। अरे लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं? लेकिन धर्मनिरपेक्षता के नाम पर दंगाइयों को दंगे करने की पूरी छूट दे दी गई है।

### अराजकता पर नियंत्रण जरूरी

योगी ने कहा कि सरकार चुप है। इस तरह की अराजकता पर नियंत्रण होना चाहिए। पूरा मुर्शिदाबाद पिछले एक हफ्ते से जल रहा है।" उन्होंने कहा, "हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आभारी हैं, जिन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक पारित करवाया और इस अधिनियम के माध्यम से गरीबों की जमीन और सार्वजनिक भूमि की डकैती पर लगाम लगाई। अब जो जमीन वापस आएगी, उस पर अस्पताल, गरीबों के लिए घर, स्कूल, विश्वविद्यालय और निवेश के लिए भूमि बैंक बनाए जाएंगे। लेकिन अब किसी को भी जमीन हड़पने और गुंडागर्दी करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।" उन्होंने कहा, "इसलिए ये लोग परेशान हैं, क्योंकि जमीन के नाम पर जो लूट होती थी, वह बंद होने जा रही है।

### वक्फ के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे

योगी इस बात की चिंता है कि उनके गुंडे बेरोजगार हो जाएंगे, जो पहले जनता को लूटते थे। आदित्यनाथ ने कहा, "उन्हें डर है कि अगर उनके गुंडे भस्मासुर बन गए तो वे (गुंडे) उन्हें लूटना शुरू कर देंगे, उन्होंने जो अपार संपत्ति जमा की है, वह लूट ली गई है। इसलिए वक्फ के नाम पर वे लोगों को बेवकूफ बनाने और उन्हें गुमराह करने का काम कर रहे हैं।" हिंदू धर्म में भस्मासुर एक राक्षस है, जिसे यह शक्ति दी गई थी कि वह जिस किसी के सिर को अपने हाथ से छूएगा वह तुरंत जलकर राख (भस्म) हो जाएगा। आदित्यनाथ ने कहा, "मैं वहां की अदालत को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिसने वहां केंद्रीय बलों की तैनाती की अनुमति दी और अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाए।

# राहुल ने नहीं मानी तेजस्वी की बात, सीएम फेस पर अभी 'संदेह'

दिल्ली में की मुलाकात, बिहार की सियासत पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव को दिल्ली बुलाकर कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह बिहार में 'अगवा' की भूमिका में रहेगी। महागठबंधन की पटना में होने वाली बैठक के पहले मंगलवार को राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मुलाकात हुई। अब बदली कार्यशैली से कांग्रेस, आरजेडी से अपने 'दबाव' पर मोलभाव करती दिखाी दे रही है। पटना की बैठक में आने के पहले कांग्रेस ने आरजेडी के साथ कुछ बातें साफ कर ली है। कांग्रेस बिहार में 70 से कम सीट स्वीकार नहीं करेगी और जिताऊ सीटों का चुनाव लड़ेगी।



### मुख्यमंत्री का चेहरा कौन? टाल गए

*दिल्ली में बैठक के पहले आरजेडी ने साफ कर दिया था कि बिहार में तेजस्वी यादव ही मुख्यमंत्री पद के चेहरा हैं। किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। आरजेडी ने बैठक के पहले कहा कि बिहार की जनता ने तेजस्वी को ही मुख्यमंत्री मान लिया है। महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा? इस सवाल पर तेजस्वी ने कुछ नहीं कहा।*

### फीस वृद्धि : सीएम रेखा ने स्कूलों को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि उन विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है जिनके विरूद्ध मनमाने ढंग से फीस वृद्धि की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार शिक्षा में पारदर्शिता एवं बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के प्रति कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों से जवाब मांगा गया है, जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा "किसी भी विद्यालय को फीस के लिए अभिभावकों को परेशान करने या विद्यार्थियों को अनुचित तरीके से निकालने का अधिकार नहीं है।"

### बंगाली नववर्ष की खुशियां



**कोलकाता।** मंगलवार को बंगाली नववर्ष के पहले दिन कोलकाता में महिलाएं 'मंगल शोभायात्रा' में भाग लेती हुई।

### राष्ट्रपति ने आईएएस अधिकारियों के समूह से मुलाकात की

# ईमानदारी, सच्चाई से कार्य करेंगे तो ज्यादा सुखी रहेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत 2023 बैच के आईएएस अधिकारियों के समूह से राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि वे असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से अधिकारी बने हैं। इससे उनके निजी जीवन में भी बड़ा बदलाव आया है। उन्हें अब अधिक दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ अनगिनत लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का अवसर मिला है। उनके सेवा और अधिकार का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वे अपनी पहली पोस्टिंग में ही कई नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

### वंचितों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत बताई



*उन्होंने आईएएस अधिकारियों को वंचितों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि अधिकारी अपने करियर के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग वाले स्थानों पर जाएं और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें। अधिकारियों को लोक सेवकों के अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखना चाहिए। एक लोक सेवक के कर्तव्य उसकी जिम्मेदारियां हैं और उसके अधिकार उन कर्तव्यों को पूरा करने का साधन हैं।*

**अधिकारियों को आमजनों के साथ निकटता बढ़ाने की जरूरत**

उन्होंने अधिकारियों को आमजनों के साथ निकटता बढ़ाने और स्थानीय प्रयासों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के जनहित के मुद्दों को हल करने की भी सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि स्थानीय और राज्य स्तर पर उनके विकास और जन कल्याण के कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगे।

### सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी

राष्ट्रपति ने कहा कि उनके करियर की असली कहानी उनके काम से बनेगी, न कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से। उनकी असली सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी। प्रत्येक लोक सेवक को ईमानदारी और उद्देश्य के साथ काम करना चाहिए। नैतिकता और मूल्यों का क्षरण भी बहुत गंभीर चुनौतियां हैं। निष्ठावान और ईमानदार होने के बारे में और कुछ कहने की जरूरत नहीं है। ईमानदारी, सच्चाई और सादगी के जीवन मूल्यों का पालन करने वाले लोग अधिक सुखी रहते हैं।

### सीएम सिद्धारमैया को झटका

# मुदा केस में क्लीन चिट पर कोर्ट दिखा असंतुष्ट, दोबारा होगी जांच

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) मामले में एक एमपी-एमएलए कोर्ट ने झटका दे दिया है। उनके खिलाफ लोकायुक्त पुलिस की जांच में उन्हें दी गई क्लीन चिट को स्वीकार करने के बजाय उसकी गहन जांच जारी रखने का आदेश दिया है। जन प्रतिनिधियों के लिए बने विशेष अदालत ने लोकायुक्त पुलिस द्वारा प्रस्तुत 'बी रिपोर्ट' पर अपना फैसला टाल दिया, जिसमें सिद्धारमैया को किसी भी तरह के गलत काम करने के आरोपों से मुक्त कर दिया गया था।



### कोई भी फैसला सुनाने के पहले कोर्ट में प्रस्तुत करें

कोर्ट ने लोकायुक्त पुलिस को निर्देश दिया कि कोई भी फैसला सुनाए जाने से पहले एक व्यापक अंतिम रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की जाए। मुदा भूमि आवंटन मामले में कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस द्वारा दायर 'बी रिपोर्ट' के खिलाफ ईडी द्वारा दायर याचिका पर अब कोर्ट 7 मई को सुनवाई करेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## संयुक्त राष्ट्र में डॉ. आंबेडकर की 135वीं जयंती पर राज्य मंत्री अठावले बोले

# बाबा साहेब के विचार भारतीय सीमाओं से परे भी गूंजते, उनका जीवन मानवता के लिए प्रेरणास्रोत

केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन भारतीय इतिहास का एक अध्याय मात्र नहीं है। यह पूरी मानवता के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। वे जाति, गरीबी और औपनिवेशिक उत्पीड़न द्वारा लगाए गए हर अवरोध को पार कर समानता, सम्मान और लोकतंत्र के लिए एक वैश्विक वकील बने

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समानता, प्रतिनिधित्व और मानवाधिकार के जिन सिद्धांतों के लिए लड़ाई लड़ी, वह आज 2030 के सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामूहिक प्रयासों में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

**डॉ. आंबेडकर ने वैश्विक मानवाधिकार आंदोलन में अहम भूमिका निभाई**

वह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। अठावले ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन केवल भारत के लिए नहीं, संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने जाति, गरीबी और औपनिवेशिक उत्पीड़न की सीमाओं को पार करते हुए वैश्विक मानवाधिकार आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन भारतीय इतिहास का एक अध्याय मात्र नहीं है। यह पूरी मानवता के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। वे जाति, गरीबी और औपनिवेशिक उत्पीड़न द्वारा लगाए गए हर अवरोध को पार कर समानता, सम्मान और लोकतंत्र के लिए एक वैश्विक वकील बने।





### जमीनी स्तर पर कई योजनाएं चला रहे

अठावले ने कहा कि मंत्रालय डॉ. आंबेडकर की विरासत को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए कई योजनाएं चला रहा है जिनमें अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 'नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप', 'पीएम-दक्ष योजना' और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए 'स्माइल स्कीम' शामिल हैं। यह कार्यक्रम भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित किया गया जिसमें भारतीय प्रवासी, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी और नागरिक समाज के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम से पहले, अठावले ने कोलंबिया विश्वविद्यालय के लेहमैन लाइब्रेरी में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इसे ज्ञान के प्रतीक के रूप में स्थापित किया गया है।

### लोकतंत्र को जीवनशैली मानते थे



*संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि डॉ. आंबेडकर लोकतंत्र को जीवनशैली मानते थे और संविधान की नैतिकता को लागू करने के लिए संस्थागत ढांचे को माध्यम मानते थे। 'फाउंडेशन फॉर ह्यूमन होराइजन' के अध्यक्ष दिलीप म्हसके और हार्वर्ड डिविनिटी स्कूल के 'विजिटंग प्रोफेसर' संतोष राऊत ने भी डॉ. आंबेडकर के विचारों की वैश्विक प्रासंगिकता को रेखांकित किया।*

### मेयर एरिक एडम्स ने किया ऐलान

## न्यूयॉर्क में हर साल 14 अप्रैल को मनेगा आंबेडकर दिवस

न्यूयॉर्क में भी हर साल 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर दिवस मनाया जाएगा। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने इसकी घोषणा की। शहर के 85 लाख निवासी आंबेडकर दिवस को मनाएंगे। न्यूयॉर्क शहर के मेयर कार्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपायुक्त दिलीप चौहान ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में डॉ. आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने इसकी सराहना की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में ऐतिहासिक क्षण जब डॉ. बाबा साहब आंबेडकर की जयंती को न्यूयॉर्क मेयर के कार्यालय द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित किया गया।

### महान विरासत को स्वीकारा

*फाउंडेशन फॉर ह्यूमन होराइजन के अध्यक्ष दिलीप म्हस्के ने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इस घोषणा में लोकतंत्र, सम्मान, महिला सशक्तीकरण और ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर पड़े समुदायों के लिए न्याय को आगे बढ़ाने में डॉ. आंबेडकर की महान विरासत को स्वीकार किया।*

# तारिणी पोत से दुनिया का चक्कर लगाकर स्वदेश लौटतीं नौसेना की दो जांबाज महिलाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

- अपने अंतिम वैश्विक पड़ाव दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन से गोवा के लिए हुईं रवाना

पिछले साल 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से तारिणी पोत के जरिए दुनिया का चक्कर लगाने का सपना संजोए गोवा से निकलीं नौसेना की दो बहादुर महिला अधिकारियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना.के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए का समुद्री सफर अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। जिसमें वह सोमवार दोपहर 1 बजे दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन से भारत वापसी के लिए निकल गई हैं। नौसेना ने बताया कि देश में इनका पड़ाव गोवा होगा। जहां यह दोनों कुल करीब डेढ़ महीने के बाद मई महीने के अंत में पहुंचेंगी। यह वो क्षण होगा जो भारत के समुद्री इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ेगा। दोनों महिला अधिकारियों की यह यात्रा नौसेना के नाविका सागर परिक्रमा के द्वितीय अभियान से जुड़ी हुई है। जिसका उद्देश्य भारतीय समुद्री नौकायन को बढ़ावा देना, महिला नौसैनिकों को शक्ति और दृढ़ता प्रदर्शित करने के साथ ही भारत की स्वदेशी जहाज निर्माण तकनीक क्षमताओं को सबके सामने लाना है। साथ ही यह महिला सशक्तिकरण, उत्कृष्ट समुद्री नौवहन क्षमता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। नौसेना ने बताया कि बल के पोत तारिणी की इस यात्रा से सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अलावा भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बढ़ते समुद्री सहयोग को मजबूती मिलेगी। वहीं, तारिणी की भारत यात्रा की शुरुआत के वक्त केपटाउन के रॉयल केप यॉट क्लब में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें भारत के कार्यवाहक महावाणिज्य दूत, दक्षिण अफ्रीका में भारत के रक्षा अताशे, आरसीवाईसी गवर्निंग काउंसिल के सदस्य और केपटाउन में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधि मौजूद थे। लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना.के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए अप्रैल की शुरुआत में केपटाउन पहुंची थीं। इसके बाद अपने करीब एक पखवाड़े के प्रवास के दौरान तारिणी पोत कई आउटरीच और कूटनीतिक कार्यक्रमों का केंद्र रहा, जहाज पर कई प्रतिष्ठित मेहमान पहुंचे।

# भारत और इटली के बीच हुआ संयुक्त रक्षा समिति की 11वीं बैठक का आयोजन

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

- द्विपक्षीय सहयोग के अलावा लाल सागर, पश्चिमी आईओआर में बने हुए हालात पर हुई चर्चा

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह का इटली का दो दिवसीय (14 से 15 अप्रैल तक) दौरा संपन्न हो गया है। जिसमें उन्होंने दोनों देशों के बीच 11वीं वार्षिक द्विपक्षीय संयुक्त रक्षा समिति की अहम बैठक में भाग लिया। भारत ने इसकी सह-अध्यक्षता की और रक्षा सचिव एक विस्तृत प्रतिनिधिमंडल के साथ इसमें शामिल हुए। जबकि इटली का प्रतिनिधित्व सेकेट्री जनरल ऑफ डिफेंस लुईसा रिकार्डी ने किया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में दोनों पक्षों के बीच रक्षा, सुरक्षा, औद्योगिक सहयोग, समुद्री सहयोग और सूचना साझा करने से जुड़ी सुविधाओं के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों ने अंतर क्षेत्रीय समुद्री नेटवर्क पर भी जोर दिया। लाल सागर और पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र की स्थिति का मामला भी इस वार्ता का हिस्सा बना। रक्षा सचिव ने इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो से भी मुलाकात की। दोनों पक्षों के बीच उत्पादक वार्ता हुई। जिसका उद्देश्य भारत-इटली की सामरिक भागीदारी के महत्वपूर्ण स्तंभ माने जाने वाले रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करना था। साथ ही बातचीत में तकनीक और हथियारों के उत्पादन में निकट रक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है। बैठक से इतर सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चर (एसआईडीएम) और एयरोस्पेस, डिफेंस एंड सिक्योरिटी (एआईएडी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

# कल ब्राजील जाएंगे शिवराज, ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में लेंगे भाग, चर्चा भी करेंगे



**नई दिल्ली ( एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 अप्रैल को ब्राजील में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक में भाग लेंगे। शिवराज सिंह चौहान ब्राजील के कृषि एवं पशुधन मंत्री कार्लोस हेनरिक बाक्वेटा फावारो और कृषि विकास एवं पारिवारिक कृषि मंत्री लुईज पाउलो टेक्सेरा के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार, बैठक में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान सहित ब्रिक्स सदस्य देशों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। ये बैठकें कृषि, कृषि-प्रौद्योगिकी, ग्रामीण विकास और खाद्य सुरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में भारत और ब्राजील के बीच सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होंगी। 15वीं ब्रिक्स कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक का विषय है 'ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग, नवाचार और न्यायसंगत व्यापार के माध्यम से समावेशी और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना।' केंद्रीय मंत्री चौहान साओ पाउलो में प्रमुख ब्राज़ीलियाई कृषि व्यवसाय कंपनियों के प्रमुख और ब्राज़ीलियाई वनस्पति तेल उद्योग संघ के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे तथा कृषि मूल्य श्रृंखला में भागीदारी व निवेश के अवसरों की तलाश करेंगे।

# एच1बी वीजा और ग्रीनकार्ड धारकों को अमेरिका के विदेश मंत्री की दो टूक...

**नई दिल्ली ( हरिभूमि ब्यूरो)।** अमेरिका को फिर से महान बनाने के नाम पर वीजा नियमों में सख्ती के साथ अवैध प्रवासियों को बाहर का रास्ता दिखाने की कवायद के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो का एक ताजा-तरीन बयान मीडिया की सुर्खियों में छाया हुआ है। जिससे भारत के माथे पर भी चिंता की लकीरें पड़ना तय है। रुबियो ने कहा है कि अमेरिका का वीजा 'अधिकार नहीं,' 'केवल विशेषाधिकार है'। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन में हम वीजा कानून का सख्ती से पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी वीजा धारकों को योग्यता मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करना पड़ेगा। उनकी यह टिप्पणी एच1बी वीजा और ग्रीनकार्ड धारकों के संदर्भ में की गई है। अमेरिकी वीजा की इन दोनों श्रेणियों के तहत बड़ी तादाद में भारतीय छात्र और कामगार वीजा हासिल कर वहां पढ़ाई व नौकरी करते हैं। यहां बता दें कि वर्तमान में अमेरिका में रहकर शिक्षा ग्रहण करने वालों, नौकरी या व्यापार करने वाले भारतीय नागरिकों का अनुमानित आंकड़ा कुल करीब 54 लाख है। वहीं, अमेरिका के विदेश मंत्री का यह बयान असल में उनके देश के विभिन्न कॉलेजों के कैंपस में जारी फिलिस्तीन के समर्थन में हो रहे विदेशी छात्रों के व्यापक विरोध प्रदर्शनों और ट्रंप प्रशासन द्वारा हालिया जारी किए गए उस आदेश के बाद आया है।

# ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए जाने वाले 2.2 अरब डॉलर के अनुदान पर रोक लगाई

**बोस्टन।** अमेरिका सरकार ने कहा है कि वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए जाने वाले 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अनुदान और अनुबंधों पर रोक लगा रही है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ जब विश्वविद्यालय ने सोमवार को कहा था कि वह परिसर में आंदोलन संबंधी सक्रियता को सीमित करने की ट्रंप प्रशासन की मांगों का अनुपालन नहीं करेगा। प्रशासन ने शुक्रवार को हार्वर्ड को लिखे पत्र में व्यापक सरकारी और नेतृत्व सुधारों का आह्वान किया, जिसके तहत हार्वर्ड को "योग्यता-आधारित" प्रवेश और नियुक्ति नीतियां स्थापित करनी होंगी, साथ ही विविधता संबंधी विचारों पर अध्ययन निकाय, संकाय और नेतृत्व का लेखा-जोखा भी रखना होगा। इसमें चेहरे पर पहने जाने वाले मास्क पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। यह मांग फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाने के लिए की गई प्रतीत होती है।




Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges ( 0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards and HDFC bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR**: Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**